वर्ष 23, अंक 225, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 9 सितम्बर 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

'क्या अफजल गुरु को माला पहनाते ?'

उमर अब्दुल्ला के बयान पर भड़के राजनाथ सिंह

जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही नेताओं का एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए कहा कि वे आतंकवादियों के साथ सहानुभूति रखते हैं. केंद्रीय मंत्री ने जैश-ए-मोहम्?मद के आतंकी और संसद हमले के मास्टरमाइंड अफजल गुरु पर दिए बयान को लेकर उमर अब्दुल्ला से सवाल पूछा.

राजनाथ सिंह ने उमर अबदुल्ला से पूछा सवाल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पूछा कि क्या अफजल गुरु को माला पहनाई जाना चाहिए थी. उन्होंने कहा, "नेशनल कॉन्फ्रेंस ने आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति दिखाई है. मैंने हाल ही में उमर अब्दुल्ला को यह कहते हुए सुना कि अफजल गुरु को फांसी नहीं दी जानी चाहिए थी."

रामबन में चुनाव प्रचार के दौरान रक्षा मंत्री जम्मू कश्मीर में बीजेपी की सरकार बनाने की अपील की. उन्होंने कहा, ह्यह्यनेशनल कॉन्फ्रेंस अनुच्छेद 370 को बहाल करने की बात कर रही है, लेकिन पिछले पांच वर्षों में 40,000 नौकरियां पैदा हुई हैं. जम्मू और कश्मीर में हमारी सरकार बनने के बाद हम विकास कार्य करेंगे, जिससे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोग भारत का हिस्सा बनना चाहेंगे."

पीओके भारत का हिस्सा- राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोगों को संदेश देते हुए कहा कि पाकिस्तान उन्हें विदेशी मानता है, जबकि भारत उन्हें अपना मानता है. उन्होंने कहा, "पाकिस्तान के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ने कहा है कि पीओके विदेशी भूमि है. मैं पीओके के लोगों को बताना चाहता हूं कि भारत उन्हें अपना मानता है." जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार (8 सितंबर 2024) को अफजल गुरु पर बयान देकर राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया था. उन्होंने कहा था कि संसद हमले के दोषी अफजल गुरु को फांसी देने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं हुआ. उन्होंने कहा, "जम्मू-कश्मीर सरकार का अफजल गुरु की फांसी से कोई लेना-देना नहीं था. अगर होता तो राज्य सरकार की अनुमति से ऐसा करना पड़ता और जम्मू-कश्मीर सरकार इसकी मंजूरी नहीं देती।

विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए सऊदी अरब पहुंचे विदेश मंत्री

रियाद

विदेश मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'भारत-खाड़ी सहयोग परिषद के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में हिस्सा लेने के लिए सऊदी अरब की राजधानी रियाद पहुंचा। गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए प्रोटोकॉल मामलों के उपमंत्री अब्दुलमजीद अल समारी का आभार।' रियाद। विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में हिस्सा लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को रियाद पहुंचे। जयशंकर तीन देशों की यात्रा के पहले चरण के तहत सऊदी अरब की राजधानी पहुंचे हैं। इसके बाद वह जर्मनी और स्विट्ज़रलैंड जाएंगे। विदेश मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत-खाड़ी सहयोग परिषद के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में हिस्सा लेने के लिए सऊदी अरब की राजधानी रियाद पहुंचा। गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए प्रोटोकॉल मामलों के उपमंत्री अब्दुलमजीद अल समारी का आभार। जीसीसी एक प्रभावशाली समूह है, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), बहरीन, सऊदी अरब, ओमान, कतर और कुवैत शामिल हैं। वित्त वर्ष 2022-23 में जीसीसी देशों के साथ भारत का कुल व्यापार 184.46 अरब अमेरिकी डॉलर था। रियाद में जयशंकर के कई जीसीसी सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी संभावना है। इस यात्रा के मद्देनजर शनिवार को नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत और जीसीसी के बीच गहरे और बहुआयामी संबंध हैं, जिनमें व्यापार एवं निवेश, ऊर्जा, सांस्कृतिक एवं लोगों के बीच आपसी संबंध शामिल हैं।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा था, जीसीसी क्षेत्र भारत के लिए एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार के रूप में उभरा है। और यहां भारतीय प्रवासी समुदाय की आबादी लगभग 89 लाख है।ह्व इसमें कहा गया था, ह्वविदेश मंत्रियों की बैठक भारत और जीसीसी के बीच विभिन्न क्षेत्रों में संस्थागत सहयोग का जायजा लेने और उसे गहरा करने का अवसर होगी।

टीएमसी सांसद जवाहर सरकार ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को रविवार को जोरदार झटका लगा। पार्टी से राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भेजा। उन्होंने लिखा, आपने मुझे राज्यसभा में पश्चिम बंगाल से सांसद के रूप में चुनकर सम्मानित किया है। हमारे राज्य की विभिन्न समस्याओं को केंद्र सरकार के ध्यान में लाने का अवसर देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद लेकिन काफी सोच-विचार के बाद मैंने सांसद पद से इस्तीफा देने और खुद को राजनीति से पूरी तरह अलग करने का फैसला किया है।

उन्होंने आगे लिखा, तीन साल पहले मुझे देश के उच्चतम स्तर पर राजनीतिक विचार और प्रक्रिया का अवलोकन और विश्लेषण करने का अमूल्य अवसर देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। जीवन के अंतिम पड़ाव पर 69 से 70 वर्ष की आयु में कोई भी व्यक्ति किसी विशेष पद के लिए उम्मीदवार के रूप में राजनीतिक क्षेत्र में नहीं उतरता, इसलिए मेरी कभी भी किसी पार्टी पद या किसी अन्य चीज के लिए कोई महत्वाकांक्षा नहीं रही।

अपनी सक्रिय भागीदारी का जिक्र भी उन्होंने किया। लिखा, दलगत राजनीति में प्रत्यक्ष भागीदार हुए बिना, सांसद बनने का मेरा एकमात्र उद्देश्य संसद में मोदी और भाजपा सरकारों की निरंकुश और सांप्रदायिक राजनीति को बेनकाब करने के संघर्ष में शामिल होना था। इस संघर्ष में एक छोटा सिपाही होते हुए भी, मैं संसद में कई बहसों में भाग लेने में सक्षम रहा हूं, जिसका प्रचुर प्रमाण संसद टीवी या यूट्यूब पर मिलता है।

मोदी सरकार की सत्तावादी, विभाजनकारी, भेदभावपूर्ण और अलोकतांत्रिक गतिविधियों और नीतियों की स्पष्ट रूप से और कड़ी आलोचना करने में सक्षम होने से मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है।

सीएम ने शहरी नियोजन और विकास के लिए भारत-सिंगापुर साझेदारी की तारीफ की

नई दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को भारत और सिंगापुर के बीच बढ़ती साझेदारी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी असम में शहरों को बेहतर बनाने और उनका प्रबंधन करने में मदद करेगी। असम के सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "भारत-सिंगापुर साझेदारी एक नए विकास की शुरूआत करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की सिंगापुर यात्रा के दौरान, सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने संयुक्त बयान जारी किया।

BJP को लगा झटका, चौधरी देवीलाल के पोते आदित्य चौटाला INLD में शामिल

हरियाणाः

हरियाणा की राजनीति में हुआ बड़ा धमाका हुआ है. आदित्य चौटाला इनेलो में शामिल हो गए हैं. 2 दिन पहले ही आदित्य चौटाला ने हरियाणा कृषि मार्केटिंग बोर्ड से इस्तीफा दिया था. इनेलो विधायक अभय सिंह चौटाला ने आदित्य चौटाला को शामिल करवाया. इनेलो की टिकट पर आदित्य चौटाला के चुनाव लड़ने की संभावनाएं तेज हो गई हैं. इस मौके पर अभय चौटाला ने बड़ा दावा किया है. उन्होंने कहा कि इनेलो का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है. बीजेपी के और भी बड़े नेता इनेलो में आने को आतुर हो रहे हैं.

बता दें कि आदित्य चौटाला चौधरी देवीलाल के सबसे छोटे बेटे जगदीश चौटाला के बेटे हैं।

हरियाणा में आप सांसद राघव चड्ढा आप-कांग्रेस गठबंधन पर बोले , 'आरजू, हसरत, उम्मीद भी है...'

नई दिल्ली। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन होगा या नहीं, इस सवाल के जवाब में आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने रविवार को शायराना अंदाज में कहा, "आरजू भी है, हसरत भी है और उम्मीद भी है...।"

राघव चड्ढा ने कहा, "मैं व्यक्तिगत बयान या किसी खास सीट को लेकर कोई बयान नहीं देना चाहता। मैं इतना बता सकता हूं कि दोनों पार्टियों की एक इच्छा है, एक चाहत है, और गठबंधन की उम्मीद है। सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत चल रही है।"

उन्होंने कहा कि नामांकन की आखिरी तारीख 12 सितंबर है। सीट शेयरिंग को लेकर अगर हम सहमत नहीं होते हैं या जीत की स्थिति नहीं बनती है, तो हम इसे छोड़ देंगे।

उन्होंने कहा, "जल्द ही मीडिया के सामने आएंगे और एक अच्छी खबर देंगे।"

सांसद ने दिल्ली के आप विधायक सोमनाथ भारती के उस बयान पर प्रतिक्रिया नहीं दी है, जिसमें सोमनाथ भारती ने दावा किया है कि आप हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी।

सोमनाथ भारती ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था, "हरियाणा में आप-कांग्रेस गठबंधन पर मुहर लगने से पहले आप को मूल्यांकन करना चाहिए क्योंकि लोकसभा चुनाव के दौरान दिल्ली में ऐसा ही गठबंधन किया गया था। मेरे राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव में तीनों कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए रोड शो किया, वहीं आप के वरिष्ठ नेताओं और कैबिनेट मंत्रियों ने तीनों कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया।

लखनऊ हादसे पर राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने जताया दुख, मुआवजे का किया ऐलान

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में इमारत ढहने की घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। इसकी जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया के जरिए दी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लखनऊ हादसे पर दुख जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "लखनऊ में बिल्डिंग गिरने की दुर्घटना में अनेक लोगों की मृत्यु से मुझे गहरा दुख पहुंचा है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।"

लोकतंत्र और संविधान बचाने के मामले में कांग्रेस-आप का एक ही स्टैंड : उदित

नई दिल्ली। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन पर अब तक फैसला नहीं हो पाया है। इस बीच कांग्रेस नेता उदित राज ने गठबंधन को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि दोनों ही पार्टी लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए एक-साथ हैं।

उदित राज ने आईएएनएस से खास बातचीत में कहा, ह्हरियाणा विधानसभा चुनाव में गठबंधन को लेकर कई स्तर पर वार्ता चल रही है।

कन्हैया मित्तल ने कांग्रेस में शामिल होने का किया ऐलान

चंडीगढ़। जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे भजन गाकर प्रसिद्ध हुए कन्हैया मित्तल ने रविवार को कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान किया।

उन्होंने अपने बयान में कहा, आज सुबह हमारे एक मित्र का फोन आया। मैंने उनसे बात की। मैंने उन्हें बताया कि हो सकता है कि मैं कांग्रेस ज्वाइन करूं, क्योंकि मुझे लगता है कि सनातन की बात करने वाला एक ही दल ना हो। हर दल से सनातन की बात हो। हर किसी की मदद करने के लिए हर दल से

बात होनी चाहिए, इसलिए मन में इच्छा हुई कि मैं कांग्रेस ज्वाइन करूं।

भाजपा के बारे में उन्होंने कहा, मेरा इस पार्टी से कोई मतभेद नहीं है। कुछ लोग कह रहे हैं कि टिकट नहीं मिला, इसलिए कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं। अगर मुझे टिकट चाहिए होती, तो मैं खुद लोगों से बात करता और मुझे टिकट मिल जाता। कोई बड़ी बात नहीं है। उन्होंने कहा, मैंने कभी भी किसी को नहीं कहा कि भाजपा को वोट दो। हमेशा से यही कहा कि जो राम मंदिर के लिए काम करें, उसका साथ दें, कहीं पर भी बैठकर हम काम कर सकते हैं। आप अपनी तपस्या सड़क पर भी कर सकते हैं।

'रिजल्ट लड्डू ही आएगा, चाहे जितनी यात्रा कर लें'

ललन सिंह ने तेजस्वी की 'आभार यात्रा' पर कसा तंज

पटनाः बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव 'आभार यात्रा' पर निकलने वाले हैं। इस पर जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और मोदी सरकार के मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी जहां चाहें यात्रा कर लें, उसका नतीजा 'लड्डू' ही होगा। ललन सिंह ने तेजस्वी पर निशाना साधते हुए नीतीश कुमार का खुलकर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि नीतीश ने राजद के साथ जाकर गलती की। तेजस्वी की यात्रा पर 'ललन भविष्यवाणी'

पत्रकारों से बातचीत में ललन सिंह से पूछा गया कि क्या तेजस्वी की यात्रा से जेडीयू और बीजेपी पर कोई असर पड़ेगा? इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'तेजस्वी यादव जहां चाहें यात्रा करें। किसी को कोई रोक-टोक नहीं है। इसमें सबकी अपनी-अपनी इच्छा है। लेकिन उनकी यात्रा का रिजल्ट लड्डू ही आने वाला है। इसलिए हम लोग उनकी यात्रा पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।'

'नीतीश कुमार अपनी जगह सही हैं'

जब उनसे पूछा गया कि क्या राजद के साथ जाना एक गलती थी, तो उन्होंने नीतीश कुमार का समर्थन करते हुए कहा, 'नीतीश कुमार अपनी जगह सही हैं।

भूपेंद्र यादव और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार, 2024 प्रदान किया

नीले आकाश के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं: केंद्रीय पर्यावरण मंत्री

जयपुर

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव और राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में 07 सितंबर, 2024 को जयपुर में अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु नील गगन दिवस (स्वच्छ वायु दिवस) मनाया गया। इस कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री श्री संजय शर्मा और राजस्थान सरकार के केंद्रीय शहरी विकास और स्थानीय स्वशासन राज्य मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा भी उपस्थित थे। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस वर्ष के आयोजन की मेजबानी की।

इस अवसर पर, एनसीएपी कार्यक्रम के सार,



इसमें शामिल एजेंसियों के योगदान और 131 एनसीएपी शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार को दर्शाने वाला एक आकर्षक वीडियो प्रदर्शित किया गया। बताया गया कि केंद्रित कार्रवाई, संसाधनों के सम्मिश्रण और प्रभावी निगरानी ने 95 शहरों में वायु प्रदूषण में कमी के रुझान के साथ सकारात्मक परिणाम दर्शाए हैं। 51 शहरों ने आधार वर्ष 2017-18 के संबंध में पीएम10 के स्तर में 20 प्रतिशत से अधिक की कमी दिखाई है और इनमें से 21 शहरों ने 40 प्रतिशत से अधिक की कमी हासिल की है।कार्यक्रम के दौरान ह्यव्यवहार्य प्रौद्योगिकियों और कार्य प्रणालियों पर संग्रहः एनसीएपी शहरों से सबकह्व नामक एक दस्तावेज का विमोचन किया गया। इसमें स्थानीय संदर्भों और आवश्यकताओं के अनुरूप वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए शहरों द्वारा की गई पहलों के उदाहरण प्रदर्शित किए गए। इसके अलावा, जयपुर प्रदर्शनी और सम्मेलन केंद्र के मातृ वन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 100 पौधे भी लगाए गए।

भाजपा को लेकर लोगों में गुस्सा, वोट से जवाब देगी प्रदेश की जनता : महबूबा मुफ्ती

अनंतनाग। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने रविवार को चुनाव अभियान के दौरान नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जनता अब नेशनल कॉन्फ्रेंस से निराश और परेशान हो चुकी है।

उन्होंने अनंतनाग में एक रैली के दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा, ह्हमुफ्ती मोहम्मद सईद के विजन को जनता समझ चुकी है। पीडीपी की कार्यशैली से लोग वाकिफ हैं, हम जिस तेजी में काम करते हैं, वैसा काम नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने 40 साल के कार्यकाल के दौरान भी नहीं किया है। पीडीपी ने साउथ कश्मीर में यूनिवर्सिटी, कॉलेज, एम्स और सड़कें बनाईं।

महबूबा मुफ्ती ने दावा करते हुए कहा, ह्हजम्मू-कश्मीर में आज वोट की जो इज्जत है।, वो पीडीपी की

पुलिस कमिश्नर साहब मेजारोड चौकी क्षेत्र में कब रुकेगा चोरियों का सिलसिला

अखंड भारत संदेश

मेजा। पुलिस कमिश्नर साहब मेजारोड चौकी क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरियों पर कब लगेगा अंकुश स्थानीय चोर लोगों के घरों दुकानों को निशाना बना रहे हैं क्षेत्र के लोग लुट रहे हैं, पिट रहे हैं लेकिन गोलियों का शिकार हो रहे हैं लेकिन क्षेत्र रक्षण में लगी आपकी पुलिस सिर्फ लूट खसोट एवं भ्रष्टाचार में ही संलिप्त है।

खाकी की आड़ में खुलेआम अवैध वसूली तथा लोगों की जेब पर डाका डाल रहे चौकी में मठाधीश बने ऐसे पुलिस कर्मियों पर आखिरकार कब कसेगा शिकंजा और कब मिलेगा क्षेत्र को लोगों को सुकून,लगातार हो रही चोरियों के क्रम में देखा जाय तो एक चोरी का खुलासा नहीं हुआ तब तक दूसरी चोरी हो गई। मेजारोड चौकी पुलिस कितना सक्रिय है इसका ज्वलंत उदारहरण बीती रात कठौली और बेदौली गांव में हुई बड़ी चोरी की वारदात से लगाया जा सकता है।

बीती रात कठौली और बेदौली गांव में दो घरों को चोरों ने बनाया निशाना

मेजारोड चौकी में कई वर्षों से तैनात भ्रष्टाचार में लिप्त मठाधीश पुलिस कर्मियों पर कब चेगागा आपका हंटर, दो महीने के अंतराल में हो चुकी हैं दर्जनों चोरियां

क्षेत्र रक्षण के बजाय लूट खसोट भ्रष्टाचार तथा अवैध वसूली में लिप्त है चौकी पुलिस

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के कठौली गांव निवासी मुकेश कुमार पांडेय पुत्र महेंद्र पांडेय ने मेजा थाने लिखित तहरीर देते हुए लिखा है कि बीती रात उनका परिवार खा पीकर सोया हुआ था। इसी दौरान सात आठ की संख्या में अज्ञात चोर उनके घर को निशाना बनाया और पूरे घर को खंगालते हुए चार लाख रुपया

नकद एवं तीन लाख पिचहत्तर हजार की जेवरात सहित कुल आठ लाख की संपत्ति पार कर रफू चक्कर हो गए। इसी प्रकार उसी रात बेदौली गांव निवासी रामबहादुर पटेल के भी घर को निशाना बनाया है। यहां चोरी का माल ले जा रहे चोरों से घर की एक महिला भिड़ गई जिस पर चोरों ने महिला के सिर पर लोहे की रॉड तथा तमंचे के बट से प्रहार कर महिला को घायल करते हुए बेखौफ चले गए। जबकि इसके पूर्व लखनपुर में 3लाख, मवैया में 72 लाख, अमिलिया में 50 हजार, उरुवा में 5 लाख तथा मेजारोड में चौकी पुलिस के नाक के नीचे 8 लाख की चोरियां हो चुकी हैं। गौरतलब है कि पूर्व में हुई चोरियों का अभी तक पूर्ण रूपेण खुलासा नहीं हो पाया है कि दूसरी चोरी होती जा रही है। ऐसे में दहशत के माहौल में जी रहे क्षेत्र के लोगों का मेजारोड चौकी पुलिस पर सवाल उठाना जहां लाजमी है वहीं चोरी की घटनाओं के पीड़ित लोग चीख चीख कर यह कह रहे हैं कि पुलिस कमिश्नर साहब मेजारोड चौकी क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरियों का सिलसिला कब रुकेगा और कई वर्षों से चौकी में मठाधीश बने भ्रष्टाचार में लिप्त खाकी धारियों पर कब चलेगा आपका हंटर तथा क्षेत्र के लोगों को कब मिलेगा अमन चैन एवं चोरी की वारदातों से छुटकारा ? उल्लेखनीय है कि एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता और थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय की पूरे क्षेत्र में भले ही सक्रियता के साथ लगे हुए हैं किंतु ऐसे अधिकारियों की सक्रियता पर मेजारोड चौकी पुलिस ने पानी फेर दिया है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि कमिश्नर साहब द्वारा एक बार मेजारोड पुलिस चौकी में तैनात भ्रष्टाचारी मठाधीश पुलिस कर्मियों का सिरे से ओवर हालिंग करके नई तैनाती कर दें तो शायद आए दिन हो रही चोरियों का सिलशिला थम जाए और क्षेत्र के लोगों का अमन चैन भी बहाल हो जाए।

खीरी थाने की महान पुलिस ! गुमशुदा की तलाश के लिए पीड़ित से बुक करवाई 22 हजार की बोलेरो

● डीसीपी यमुनापार से शिकायत, विवेचना खीरी थाने से हटाने की मांग

कोरांव। एक संदिग्ध दशा में गायब हुए व्यक्ति की तलाश के लिए खीरी पुलिस द्वारा करीब कुल खर्च सहित बाइस हजार रुपये की बोलेरो पीड़ित से बुक करवाई गई और नतीजा सिफर निकला। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाते हुए खीरी थाना क्षेत्र के ऊंचगांव निवासी मोहम्मद गौस पुत्र अनवर खान ने डीसीपी यमुनानगर से पूरे मामले की शिकायत की है। जनसुनवाई के मार्फत डीसीपी यमुनानगर से की गई शिकायत में मोहम्मद गौस खान ने बताया कि खीरी थाने में दर्ज गुमशुदगी के मामले क्राईम नंबर 012/2024 में गुमशुदा व्यक्ति के संबंध में उसे जानकारी मिली कि वह नोएडा में है। इस पर गौस खान ने खीरी पुलिस को अवगत कराते हुए गुमशुद का नंबर भी दिया और आगे की कार्यवाही की मांग की। गौस खान का आरोप है कि इस सूचना के बाद खीरी पुलिस के एक दरोगा ने नोएडा जाने के लिए एक वाहन की मांग की। इस पर भुक्तभोगी ने बोलेरो (यूपी70-एफएस-3949) बुक की। इसका 22 हजार रुपये किराया आदि खर्चा चुकाना पड़ा। आरोपित है कि बोलेरो से संबंधित दरोगा नोएडा गए और कागजी खानापूर्ति कर लौट आए। जिसकी तरह तरह की चचाएं हैं। आरोपित है कि उक्त दरोगा ने इतना खर्च करने के बाद भी कोई सार्थक प्रयास नहीं किया। जबकि गुमशुदा व्यक्ति का मोबाइल भी उस वक्त निरंतर चालू था। गौस खान ने अपनी अस्वस्थता का हवाला देते हुए कहा कि वह अब ज्यादा भागदौड़ कर पाने में अक्षम है। इसलिए इस मामले की विवेचना किसी अन्य जिम्मेदार विवेचक से करवाई जाए।

सीएचसी कोरांव के अधीक्षक व बीपीएम को बदनाम करने की साजिश

अखंड भारत संदेश

कोरांव। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक व बीपीएम पर लगाए जा रहे कुछ लोगों द्वारा आरोप झूठे व मनगणन्त बताया जा रहा है। कुछ नेताओं द्वारा कहाँ जाता है ये उस समुदाय के लोग है जो भाजपा सरकार के विरोधी होते है। जबकि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन अधिक्षक के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में 500 घी के दीपक व झालर से सजाया गया था जो की कोरांव क्षेत्र में चर्चा का विषय रहा। और अन्य सरकारी दफ्तरों में एक अलग पहचान रही एक ईमानदार अधिक्षक अपने तनख्वाह के पैसे से महिला प्रसव कंक्ष में ऑपरेशन की व्यवस्था में लगे पैसे अपने पास से किये हैं उनपर लगाये जा रहे आरोप झूठ है। दर असल

आम जनों ने कथित नेताओं द्वारा योजनावध तरीके से कुशल डाकटर के विरोध की किए निंदा

कुछ मनगणन्त नेताओं की बाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में नही चल पा रही है। इनके पूर्व में रहे एक अधिक्षक को लाने का प्रयास विफल नजर आ रहा है तो एक ईमानदार अधिक्षक व बीपीएम के ऊपर तमाम प्रकार के झूठे आरोप ,प्रत्यारोप लगाये जा रहे हैं। जो चर्चा का विषय है। अधीक्षक सीएचसी ने अपने ऊपर लगे सभी प्रकार के आरोपों को निराधार बताया है। उनका कथन है कि कोई भी आरोप का जवाब मेरे पास है। कुछ लोगों की दुकान मेरे वजह से मेरे कार्यों से गरीबों की सहायता से समुचित उपचार से नहीं चल पा रही है। और बीमारी की रोक थाम में मेरे और मेरी टीम द्वारा निरंतर क्षेत्र में अपने दाइत्वों का निर्वहन कर रही है।

बेरोजगारो ने रोजगार के लिए अपनी मेहनत की कमाई देकर हो रहे ठगी का शिकार

अखण्ड भारत सन्देश

मांडा। प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी का फर्जी कम्पनियों ने नामित कम्पनियों के नाम से ग्रामीण अंचलो में रोजगार देने के नाम पर जम कर धन उगाही कर रहे हैं। वही बेरोजगारो ने अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई रोजगार पाने के नाम पर नगदी रुपए देकर ठगी का शिकार हो रहे हैं। रविवार को मेजारोड ओवर ब्रिज के समीप डीजीएस गेस्ट हाउस में मेजा क्षेत्र के सैकड़ो महिलाओ व दर्जनों पुरुषो को सेफशाप कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया और प्रति लोगों से सौ रुपए प्रवेश शुल्क के नाम पर जमा कराया ' वही पूर्व में सेफ शाप कम्पनी से जुड़ी महिलाए को उक्त संस्था में काम करने के लिए पंद्रह हजार रुपए जमा करवा लेने के बाद श्रृंखला बद्ध लोगों को इसी प्रकार से जोड़ने की सलाह दी जाती हैं ' उक्त कंपनी द्वारा बेरोजगारो से एक एक बार प्रशिक्षण देने के नाम पर लाखों रुपए और जुड़ने के लिए पंद्रह हजार रुपए प्रति लोगों को जमा करना पड़ता हैं ' रविवार को मेजारोड़ ओवर ब्रिज के समीप डीजीएस गेस्ट हाउस में प्रशिक्षण के लिए मांडा खास, गिरधरपुर, करछना आदि क्षेत्रो से सैकड़ो बेरोगार महिला, पुरुष प्रशिक्षण के लिए इकठ्ठा हुए और उन्ही बेरोजगारो में कई संस्थाओ से ठगी का शिकार हुई महिला ने जब सेफशाप कम्पनी के कर्मचारियों से वार्ता किया तो वह गोल मटोल जवाब देने

पर तत्काल अपने पति से बात कराने का प्रयास किया तो बात करने के बजाय उसने बताया कि कोरांव, मेजा रोड, मेजा तहसील, करछना आदि प्रशिक्षण केन्द्र पर आए वही बताएगे ' वही प्रशिक्षण में प्रवेश के लिए धन उगाही करने पर एक महिला फड़क गई और पैसा देने से इनकार किया तो थाने चलने की बात कह कर दबाव बनाया लेकिन प्रशिक्षण में बिना पैसा लिए प्रवेश नहीं किया। पूर्व में ठगी का शिकार होने वाली महिला ज्योति ने गांव के रीना देवी के कहने पर उक्त संस्था के प्रशिक्षण में शामिल होने पहुंची तो प्रवेश शुल्क जमा न करने पर वर्जित कर दिया तो वह अपने पति से वार्ता कराया तो कम्पनी के कर्मचारी अखिलेश कुमार कुशवाहा बताया जब पति ने प्रशिक्षण कहा करा रहे हैं तो उसने बताया कि अडगड़ा नन्द इंटर कालेज मेजा रोड में चल रहा हैं ' वही कुछ देर के बाद कम्पनी के सीनियर कर्मचारी से वार्ता किया तो उसने अपना नाम अब्दुल जलाल बताया और कहा कि अधिक जानकारी के लिए प्रशिक्षण केंद्र पर आए ' बेरोजगारो ने उच्चाधिकारियो से उक्त कम्पनियों की जांच कर रोजगार के लिए सही दिशा निर्देशित करें और ठगी से बचाते हुए फर्जी कम्पनियों की सघना से जांच कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की हैं। हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार ने बेरोजगार देने वाली सेफशाप कम्पनी के सीनियर कर्मचारी अब्दुल जलाल के मोबाईल पर फोन कर जानकारी लेने का प्रयास किया तो वह मिलने की बात कह कर फोन काट दिया।

न्यूज झरोखा

गणेश महोत्सव के लिए भक्तों ने किया गणपति बप्पा का स्थापना

सहसों। क्षेत्र के सिंगरामऊ गांव में विजेंद्र मिश्रा के आवास पर गणेश महोत्सव के अवसर पर मंगल कामना हेतु मंगल मूर्ति प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की स्थापना विद्वान आचार्य द्वारा विधि विधान से कराया गया तत्पश्चात



पूजा अर्चना भव्य आरती की गई । इस अवसर पर पूर्व सांसद केसरी देवी पटेल, पूर्व सांसद नागेंद्र सिंह पटेल , विपेन्द्र सिंह पटेल ब्लॉक प्रमुख फूलपुर, भाजपा गंगापार जिला अध्यक्ष कविता पटेल, जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल, भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह आदि ने विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद आरती करते हुए प्रथम पूज्य गणपति भगवान की आराधना की। तत्पश्चात अपने संबोधन में कहा भगवान गणेश की पूजा अर्चना से व्यक्ति का मंगल ही मंगल होता है तथा सभी कार्य निर्विघ्न सफलतापूर्वक सिद्ध होते हैं। भक्तों ने देर रात तक भगवान गणेश वंदना गीत गणपति बप्पा मोरया, जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा, गाइये गणपति जगवंदन आदि गीतों पर झूमते रहे। इस मौके पर प्रेम कुमार सिंह लल्ले, भाजपा नेता वीरेंद्र बहादुर सिंह, शिवनारायण सिंह गप्पू, संदीप द्विवेदी,भूपेंद्र मिश्र, विमलेश पटेल, प्रधान बाल गोविंद तिवारी, द्वारिका मौर्य,धर्मेंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहे।

कोरांव पुलिस नामजद दो वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेजा

कोरांव। कोरांव पुलिस ने थानाक्षेत्र गांव नथुउपुर सिकरो के अनमोल ओझा पर चाकू से हमला करने वाले दोनों आरोपियो को आज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उक्त गिरफ्तारी कार्यवाही- पुलिस आयुक्त प्रयागराज

तरुण गाबा द्वारा वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु दिए गये कड़े निर्देश के कड़ी में डीसीपी यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव व एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कोरांव नितेन्द्र कुमार शुक्ला के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक प्रेम शंकर ने लगातार प्रयास करते हुए थाने में पंजीकृत मुकदमा 249/24 धारा109 बीएनएस वांछित चल रहे आरोपी विशाल गौड़ पुत्र राम केश निवासी शहीद नगर कस्बा कोरांव प्रयागराज उम्र 18 वर्ष व आकाश मिश्रा पुत्र स्व0 शिवलाल निवासी वार्ड नंबर 11गाँधी नगर कोरांव प्रयागराज उम्र 19 वर्ष को आज लगभग सवा इग्यारह बजे नंन्हे चौराहे से चांदी गाँव जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों आरोपियो को पुलिस थाने ले आयी जब दोनों से पूछा तो उन्होंने बताया कि लवकुश मेरा दोस्त है उसने पहले मुझे मारा था जब हमे मौका मिला तो उसे चाकू से मैंने भी मारा और टूटे चाकू को झाड़ में भेक दिया था। सघन पूछताछ बाद पुलिस द्वारा आगे की विधीक कार्यवाही की गयी।

मांडाखास चौराहे पर सेब की खरीदारी को लेकर मारपीट, शान्ति भंग में चालान

मांडा। क्षेत्र के मांडाखास चौराहे पर रविवार को एक अनोखा विवाद देखने को मिला, जब सेब की खरीदारी को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस को मौके पर पहुंचना पड़ा और दोनों पक्षों को शांत करना

पड़ा। जानकारी के मुताबिक, मांडाखास चौराहे पर स्थित काली माता चौराहे के पास एक ठेला गाड़ी दुकानदार के यहां एक बोलेरो सवार राहगीर ने सेब की खरीदारी की और दुकानदार से भुगतान को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। वरिष्ठ उपनिरीक्षक एसएन सिंह और उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत किया और उन्हें थाने ले गए। पुलिस ने मामला शांत कर दिया है और आगे की जांच कर रही है। वही मांडा पुलिस अछौला गांव निवासी शारदा प्रसाद व शिव चरन , बसकडी गांव निवासी शिव जीत को शान्ति भंग में चालान कर दिया ' तथा मांडा खास निवासी बबलू सोनकर को मांडा खास काली माँ चौराहे पर मार पीट करने की सूचना पर मांडा पुलिस मौके पर पहुंच कर उक्त व्यापारी बबलू सोनकर को भी शांतिभंग में चालान कर दिया हैं '

अपना दल एस के संस्थापक का परिनिर्वाण दिवस मनाया जाएगा दिल्ली में

सहसों। अपना दल एस की जिला स्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष भानु प्रताप पटेल की अध्यक्षता में सहसों बाईपास पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सलाहकार जवाहरलाल पटेल ने बताया कि आगामी 17 अक्टूबर को पार्टी के संस्थापक डॉ सोनेलाल पटेल का परिनिर्वाण दिवस का कार्यक्रम दिल्ली में आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें सभी लोग कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती के लिए संगठन के कार्य एवं नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं । कार्यक्रम का संचालन फूलपुर विधानसभा के पश्चिमी जोन अध्यक्ष चन्द्रशेखर पटेल ने किया। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल, सैदाबाद ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह पटेल, बीडी गौड़, श्यामराज पटेल, सावंत सिंह पटेल, शिवमूरत पटेल, शमशाद आलम, चौधरी वीरेंद्र सिंह, अरविंद पटेल, भारत सिंह पटेल अखिलेंद्र सिंह पटेल, वीरेंद्र पटेल, जिला मीडिया प्रवक्ता धर्मराज पटेल आदि लोग विचार व्यक्त करते मौजूद रहे।

प्रतापपुर का बेटा सीआरपीएफ जवान महेंद्र यादव छत्तीसगढ़ में शहीद, परिजनों में कोहराम

अखंड भारत संदेश

प्रतापपुर। बसना, प्रतापपुर गांव निवासी राम आधार यादव के पुत्र महेंद्र कुमार यादव उम्र 39 वर्ष छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में सीआरपीएफ के 111 बटालियन में ड्यूटी कर रहे थे।वर्तमान समय में वह बारसूट नक्सल विरोधी प्रशिक्षण केंद्र पर तैनात थे। शुक्रवार को करीब 3 बजे अचानक मौसम खराब होने की वजह से तेज गरज चमक के साथ हुई बारिश में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महेंद्र कुमार यादव एवं एक अन्य सीआरपीएफ जवान की मौत हो गयी। घटना की सूचना मृतक के घर पहुंची तो परिजनों एवं गांव में कोहराम मच गया मृतक की पत्नी आरती यादव व दोनो बेटियां जान्हवी 12 वर्ष, आरोही 10 वर्ष सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। रविवार शाम को सीआरपीएफ के जवान एवं

अधिकारी मृतक का शव लेकर घर पहुंचें तो परिजनों में कोहराम मच गया एवं उपस्थित ग्रामवासियों, एवं रिश्तेदारों एवं क्षेत्रीय लोगों की आंखों से आंसू बह रहे थे। इस अवसर पर महेंद्र की पत्नी, परिजनों एवं एसडीएम हंडिया, सीआरपीएफ के अधिकारियों एवं जवान, फूलपुर के पुलिस अधिकारी, सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णमूर्ति यादव, विधायक प्रतिनिधि जगदीश यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्याम बिहारी पांडेय एवं क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने महेंद्र यादव का अंतिम दर्शन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया महेंद्र का अंतिम संस्कार सीआरपीएफ के जवानों की सलामी के बाद रविवार देर शाम छतनाग घाट पर कर दिया गया।

देश के उज्जवल भविष्य हेतु हर व्यक्ति का साक्षर होना है जरूरी-चंद्र प्रकाश

सहसों। युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा सहसों कार्यालय पर रविवार को विश्व साक्षरता दिवस जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि संस्था के अध्यक्ष समाजसेवी चंद्र प्रकाश केसरवानी ने साक्षरता के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि साक्षरता की ताकत किसी भी घर परिवार, समाज के साथ-साथ उस देश के विकास की नींव मजबूत करता है। जिससे देश भर में प्रतिवर्ष 8 सितंबर को विश्व साक्षरता दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य शिक्षा के प्रति लोगों को उत्साहित करना है। विश्व साक्षरता दिवस हमारे लिए महत्वपूर्ण दिवस है क्योंकि हमारे जीवन में शिक्षा का बहुत अधिक महत्व रहता है। शिक्षा से ही व्यक्ति अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठता है रहन-सहन सामाजिक रीति रिवाजों से परिचित होता है। संगोष्ठी की अध्यक्षता कविता कुशवाहा एवं संचालन अधिवक्ता राजेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर इंजीनियर बद्री प्रसाद सिंह, सहायक अध्यापक अमरेंद्र सिंह, प्रवीण गुप्ता, प्रदीप साहू, मिताली त्यागी, रजनी श्रीवास्तव, संजू दुबे एवं पंकज सिंह सहित आदि लोग जागरूक होते उपस्थित रहे।

हनुमान मंदिर धनूपुर में चंद्रयान 3 भव्य पंडाल में विराजे गणपति भगवान

धनूपुर। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सोलहवें श्री गणपति पूजन समारोह का आयोजन गणपति कमेटी हनुमान मंदिर बनपुरवां, धनूपुर बाजार द्वारा धूमधाम से किया गया है। 7 सितंबर गणेश चतुर्थी को गाजे बाजे, ढोल नगाड़े, डीजे के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण से आचार्यों ने धनूपुर के राजा गणेश भगवान गजानन महाराज की स्थापना चंद्रयान -3 भव्य पंडाल में करवाई। कार्यक्रम में डायमंड स्टार हेमराज जादूगर कलकत्ता द्वारा रंगारंग झांकी एवं भजन की प्रस्तुति दी गई उपस्थित श्रोतागण मंत्र-मुग्ध हो गये। पंडाल में भक्तों द्वारा

सुबह शाम आरती, कीर्तन, भजन, प्रसाद का कार्यक्रम चल रहा है पूरा क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर है। विघ्नहर्ता को गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर 'गणपति बप्पा मोरया' का उद्घोष करते हुए भक्तों ने पुष्पांजलि, प्रसाद अर्पित करते हुए आरती किया एवं अपनी मनोकामना पूर्ति का आशीर्वाद मांगा उसके बाद भजन कीर्तन करते हुए प्रसाद वितरण किया गया।

फ्रेशर पार्टी में जमकर थिरके छात्र,मचाया धमाल

अखंड भारत संदेश

पुलिस की तरफ से छात्राओं को दी गई हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

शंकरगढ़। नगर पंचायत शंकरगढ़ के शिक्षक नगर मोहल्ले में स्थित चंद्रशेखर आजाद ग्रुप ऑफ एजुकेशन द्वारा सेकेंड सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा फ्रेशर पार्टी धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई,तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।मुख्य रूप से अंजली श्रीवास्तव ने -शंकर जी की बूटी और आ जा नचले पर धमाकेदार नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर संस्थान की प्रिंसिपल प्रतिमा श्रीवास्तव ने आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण व तिलक लगाकर स्वागत किया। बतौर मुख्य अतिथि शंकरगढ़ थाना की उपनिरीक्षक सुष्मिता मौर्या,वैशाली अग्रहरि और अनुराधा सिंह ने छात्राओं को महिला सुरक्षा जागरूकता से संबंधित उनकी सुरक्षा को लेकर भी कई सारी बातें बताईं। संस्थान की प्रिंसिपल प्रतिमा श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी कि हमारी संस्था दिन-प्रतिदिन शिखर पर जा रही है। छात्राओं द्वारा नई योजना ह्यफ्री कंप्यूटर एजुकेशन योजनाह्न में लगातार प्रवेश हो रहा है। संस्थान के डायरेक्टर डा. विवेक श्रीवास्तव ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।समापन सत्र में शिक्षक संघ अध्यक्ष बृजेश सिंह और निदेशक हीरालाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, इंद्रसेन सिंह ने सभी छात्रों को बधाई दी। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर वैशाली, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह, निदेशक हीरालाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, इंद्रसेन सिंह, शिक्षिका मुस्कान, अनन्या, दीपांशी, साक्षी, अतुल, सचिन, प्रियांश, प्रवीण, अनुराग,रामजतन बंसल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

आत्महत्या रोकथाम दिवस पर हजारों प्रतियोगी छात्रों ने ली शपथ

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। विशाल संकल्प संस्था द्वारा विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर प्रतियोगी छात्रों के साथ एक संवाद कार्यक्रम डूबते तो तिनके का सहारा,सिविल लाइंस द स्पीड कोचिंग में सम्पन्न हुआ। संवाद में बच्चों को आत्महत्या से जुड़े मनोवैज्ञानिक कारण बताए गए। बच्चों ने अपने प्रश्न भी रक्खे। आयोजक डॉ अंजली केसरी ने बताया विशाल संकल्प संस्था,के माध्यम से प्रतिवर्ष इस तरह के कार्यक्रम प्रतियोगी छात्रों के लिए आयोजित होते है। बच्चों ने कहा भी कि इन विषयों पर कोई बात नही करता। वक्ताओं ने इस गम्भीर विषय पर बहुत ही व्यवहारिक उद्बोधन दिया। शिक्षा के साथ 2 दिमागी संतुलन बनाना बहुत आवश्यक है। इस तरह के संवेदनशील विषय पर खुल कर बात होनी चाहिये जिससे समाज मे अच्छा सन्देश जाए। कार्यक्रम संयोजक मो0 वसीम सर ने कहा कि आज के युवाओं के साथ इन विषय पर जागरूकता फैलाने की जरूरत है कि किसी घर का चिराग ना बुझे। हजारों की संख्या में छात्रों ने ध्यान व रुझान से संवाद में भाग लिया व ऐसे कार्यक्रमों के होते रहने की अपील की।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण यूथ आइकन ऑफ प्रयागराज रहा जिसके अंतर्गत दस युवाओं को उनके उत्कृष्ठ सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किय गया, विशाल संकल्प नारी शक्ति जागृत संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष में डूबते को तिनके का सहाराः शीर्षक नाम से एक पहल शुरू की गई है जिसमें चिंता और अवसाद से ग्रसित लोगों को मोरल सपोर्ट देते हुए उनको नई उम्मीद के साथ जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जाता है। इस संबंध में मोटिवेशनल एक चर्चा आयोजित की जाती है । मुख्य वक्ता के रूप मे कुश श्रीवास्तव, ने बच्चो को व्यवहारिक उद्बोधन दिया। विशेष वक्ता के रूप मे डॉ धनंजय चोपड़ा ने आज के परिप्रेक्ष्य मे बच्चो को रचनात्मक होने के लिए कहा। साथ में प्रयागराज के अलग-अलग क्षेत्र में अनूठा योगदान देने वाले युवाओं को यूथ आइकॉन अवार्डः से सम्मानित किया जाता है इस बार अवार्ड के लिए जिनका नाम चयन किया गया है वह इस प्रकार है। आशीष मिश्रा, जानवी सिंह, विवेक दुबे, जयप्रकाश सिंह, डॉ सूर्यभान कुशवाहा, डॉ विवेक मौर्य, सौरभ पांडे , योगेंद्र वाजपेई ,अमृता मंगला प्रसाद तिवारी, स्वाति निरखी। यूथ आइकॉन अवार्ड का उद्देश्य -- प्रयागराज में अलग-अलग क्षेत्र में रचनात्मक कार्य करते हुए सकारात्मक बदलाव लाने वाले लोगो को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में कमरुज्जमा,ऊषा केसरी,संदीप भौकाल, अनूप बिंद, अशफाक, व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

रसूलाबाद घाट पर अंतिम संस्कार में आए युवक गंगा में डूबा

प्रयागराज। रसूलाबाद घाट पर अंतिम संस्कार में शामिल होने आया युवक नहाते समय गंगा में डूब गया। जब तक गोताखोर उसको बाहर निकालते उसकी मौत हो चुकी थी। तेज बहादुर सप्रू रोड निवासी 26 वर्षीय पवन कुमार पुत्र रामआसरे शनिवार को किसी परिचित की मौत के बाद रसूलाबाद घाट पर अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए आया था। पवन गंगा स्नान कर रहा था। तभी पैर फिसलने से गहरे पानी में समा गया। घाट पर मौजूद नाविकों और गोताखोरों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। गोताखोरों ने शिवकुटी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

दशहरा, दिवाली, छठ पर जंक्शन और सूबेदारगंज से चलेगी दिल्ली स्पेशल

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। दशहरा, दिवाली और छठ के मौके पर दिल्ली जाने व आने वाली ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची को देखते हुए रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन और सूबेदारगंज से स्पेशल ट्रेन चलाने का एलान किया है। ट्रेन का संचालन दोनों ही स्टेशनों से सप्ताह में एक-एक दिन होगा। एनसीआर प्रशासन ने इसकी समय सारिणी जारी कर दी है।सूबेदारगंज से गाड़ी संख्या 02421 की रवानगी प्रत्येक रविवार छह अक्तूबर से 10 नवंबर तक होगी। यह ट्रेन रात 9.35 बजे रवाना होकर फतेहपुर, कानपुर सेंट्रल, इटावा, टूंडला व अलीगढ़ रेलवे स्टेशन होते हुए सुबह 8.55 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इसी तरह दिल्ली से गाड़ी संख्या 02422 का संचालन प्रत्येक सोमवार सात अक्तूबर से 11 नवंबर तक होगा। दिल्ली से सुबह 9.30 बजे रवाना होकर उक्त स्टेशनों पर रुकते हुए ट्रेन शाम 7.40 बजे सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। 22 कोच की इस ट्रेन में स्लीपर के दस, एसी थ्री के छह, सामान्य श्रेणी के चार एवं एसएलआर श्रेणी के कुल दो कोच रहेंगे। इसी तरह प्रयागराज जंक्शन से गाड़ी संख्या 02417 प्रत्येक शुक्रवार चार अक्तूबर से 15 नवंबर तक रात 9.30 बजे चलकर फतेहपुर, कानपुर, इटावा, टूंडला, अलीगढ़ रुकते हुए सुबह 8.55 बजे दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में 02418 का संचालन दिल्ली से प्रत्येक शनिवार पांच अक्तूबर से 16 नवंबर तक सुबह 9.30 बजे होगा, जो शाम 7.45 बजे प्रयागराज जंक्शन पहुंचेगी।

शार्ट सर्किट से जंक्शन के पुल पर लगी आग, जान बचाकर भागे यात्री

प्रयागराज। प्रयागराज जंक्शन के सिटी साइड स्थित लाइन शाह बाबा मजार फुट ओवर ब्रिज में शनिवार की रात आग लग गई। अचानक लगी आग से जंक्शन पर अफरा तफरी मच गई। आग लगने के दौरान पुल पर मौजूद यात्री इधर उधर भागने लगे। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इस दौरान फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। बाद में किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है।प्रयागराज जंक्शन पर रात 11.10 बजे के आसपास फुट ओवर ब्रिज संख्या दो जिसे लाइन शाह बाबा मजार पुल भी कहा जाता है, वहां लगी सिग्नलिंग की केबिल में पहले धुआं कुछ लोगों ने निकलता देखा। देखते ही देखते वहां आग बढ़ गई। इस दौरान आग से वहां काफी धुआं फैल गया। जानकारी कंट्रोल रूम को दी गई तो मौके पर स्टेशन पर तैनात कर्मचारी एवं आरपीएफ जवान अग्नि शमन यंत्र लेकर वहां पहुंचे।इस दौरान पुल पर मौजूद तमाम यात्री सीढ़ी द्वारा अन्य प्लेटफार्म की तरफ भागने लगे। उधर रेलवे प्रशासन ने बाद में पुल पर यात्रियों की आवाजाही रोक दी। स्टेशन निदेशक वीके द्विवेदी समेत कई अन्य अफसर भी मजार पुल पर पहुंच गए। स्टेशन निदेशक ने ही वहां अग्निशमन यंत्र थाम लिया और आग बुझाने के लिए जुट गए। उधर कंट्रोल को मैसेज देने के बाद

तकरीबन 15 मिनट के लिए वहां रेल संचालन भी ऐहतियातन रोक दिया गया। रात 11.30 बजे के आसपास आग पर कंट्रोल पाया जा सका। हालांकि तब तक फायर बिग्रेड की टीम भी वहां पहुंच चुकी थी। वहां जांच के प्राथमिक जांच के दौरान सिगनलिंग केबल में शार्ट सर्किट बताया गया।अफसरों ने कहा कि आग इसी वजह से लगी होगी। इस बारे में उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी का कहना है कि आग लगने की घटना रात 11.15 बजे रिपोर्ट हुई। उसे 15 मिनट में बुझा लिया गया। आग क्यों लगी इसकी जांच की जाएगी।

रोजगार सेवकों की बैठक आज

प्रयागराज। ईपीएफ व बकाया मानदेय के साथ ही अन्य समस्याओं को लेकर ग्राम रोजगार सेवकों की एक बैठक आज डिप्लोमा इंजीनियर संघ भवन में दोपहर 12 बजे सम्पन्न होगी। उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी हरिओम प्रकाश ने बताया की बैठक में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश पटेल बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रयागराज जिलाध्यक्ष अरूण यादव के साथ ही मंडल अध्यक्ष विजय चन्द्र विश्वकर्मा भी बैठक में शामिल होंगे जहां ग्राम रोजगार सेवकों की समस्याओं के निराकरण हेतु रणनीति बनाई जाएगी। जिलाध्यक्ष अरूण यादव ने जनपद के रोजगार सेवकों से बैठक में ससमय शामिल होने की अपील की।

नैनी में एडीए मोड़ पर बेकाबू कार ने चार लोगों कोरौंदा, एक की मौत

● गुस्साए लोगों ने कार में तोडफोड़ की घायलों में एक की हालत गंभीर

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी क्षेत्र के एडीए मोड़ पर शनिवा को रदेर रात में बेकाबू कार चार लोगों को रौंदने के बाद नाले में जा घुसी। हादसे से मौके पर अफरातफरी मच गई। आसपास के लोग भागकर पहुंचे। सूचना पर पुलिस पहुंची। कार में फंसे चालक को बाहर निकाला गया तो वह नशे में धुत था। गुस्साए लोगों ने कार का शीशा तोड़ दिया। वहीं देर रात एक घायल ने दम तोड़ दिया। शनिवार रात एडीए मोड़ से एक पुलिस का लोगो लगी कार त्रिवेणीनगर की तरफ से आई। पहले एक साइकिल वाले को टक्कर मारी। इसके बाद कार सब्जी बेचने वाले को टक्कर मारने के बाद पैदल जा रहे दो लोगों को कुचलते हुए नाले में जा

गिरी। हादसे के बाद सड़क पर अफरातफरी मच गई। लोग भागकर मौके पर पहुंचे। घायलों को उठाया। सूचना पर पहुंची पुलिस कार चालक रोहित मिश्र निवासी सरपतहिया नैनी को पकड़कर थाने ले गई। घायलों में 21 वर्षीय श्रेय श्रीवास्तव निवासी त्रिवेणीनगर 80 वर्षीय मानिक चंद्र शुक्ला और उनका बेटा पंकज शुक्ला निवासी त्रिवेणीनगर और 27 वर्षीय संदीप कुमार निवासी नैनी गांव को नैनी के एडीए कॉलोनी स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया जहां से हालात नाजुक होने पर दो लोगों को एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया गया। इंस्पेक्टर नैनी वैभव सिंह ने बताया कि घायल मानिक चंद्र शुक्ला की देर रात मौत हो गई।

गणेश उत्सव के दूसरे दिन आकर्षक झाकियों ने लोगों का मन मोहा

पूर्व मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने की पूजा अर्चना

नैनी। नैनी क्षेत्र के शंकरढाल के समीप खुराना मार्केट में चल रहे गणेश उत्सव के दूसरे दिन रविवार को पूजा पंडालों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। आयोजित उत्सव में देर शाम तक भगवान गणेश जी की आरती होती रहीं जहा पूर्व मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने क्षेत्र के पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल एवं उनकी पत्नी आकांक्षा जायसवाल ने पूजा अर्चना की इस दौरान पंडालों में उपस्थित लोगों ने गणपति बप्पा मोरया, के जय कारे लगाए। ढोल की थाप और शंखनाद के बीच लोगों का उत्साह देखने लायक रहा। वही आकर्षक झांकियां भी रही, जहां अच्छी खासी भीड़ जुटी रही, इस मौके पर पूर्व पार्षद मुकेश भारती, संजय केसरवानी, समाजसेवी राजेश साहू, विनोद केसरवानी, अमित सिंह, पप्पू साहू, विशाल गुप्ता, विकास गुप्ता, रितेश गुप्ता, विजय गुप्ता, राजा केसरवानी आदि भक्तगण मौजूद रहे।

नैनी में सोमवार को सदस्यता अभियान

नैनी। नैनी मंडल नैनी किसान मोर्चा के तत्वाधान में समय दो बजे कॉटन मिल के पास नैनी में सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष काशी नाथ एवं महानगर अध्यक्ष राजेश पटेल कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे निवेदन संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज ने सभी कार्यकताओं से मौजूद रहने की अपील किया।

डफरिन अस्पताल से बाइक चोरी

नैनी। प्रयागराज के शाहगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत डफरिन हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर के समीप से बाइक चोरी। नैनी कोतवाली क्षेत्र के श्री सोमेश्वर नाथ मंदिर, अरैल निवासी संदीप गिरि पुत्र अशोक गिरि अपने छोटे भाई आशीष गिरि की बाइक जिसका नंबर वढ 70 ऋ्द्ध 5864 लेकर पत्नी की डिलेवरी डफरिन अस्पताल में कराने हेतु आए हुए थे। वह उक्त हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर के समीप बाइक खड़ी किए थे। शनिवार शाम लगभग 3:00 बजे वाहन चोरों ने मौका पाकर बाइक चोरी कर फरार हो गए। बाइक चोरी की तहरीर शाहगंज पुलिस को दी गई है।

ट्यूबवेल की छत पर मिला युवक का शव, हड़कंप

मामला मऊआइमा थाना क्षेत्र के मोहम्मद पुर सराय अली का

मऊआइमा। मऊआइमा इलाके के मोहम्मद पुर सराय अली निवासी रवि मौर्या 19 वर्ष पुत्र पन्ना लाल की हत्या कर घर से पांच सौ मीटर दूरी पर स्थित ट्यूबवेल के छत पर रविवार को देखा गया जिससे ग्रामीणों की भीड एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मद पुर सराय अली निवासी पन्ना लाल मौर्या चाय नाश्ता की दुकान गांव में किए हुए हैं।उनका बडा पुत्र रवि मौर्या 19 वर्ष फाफामऊ स्थित एक रेस्टोरेंट में वेटर का काम करता है। बताया गया है कि शुक्रवार को वह रेस्टोरेंट से तीन दिन की छुट्टी लेकर घर आया।रात नौ बजे रवि मौर्या फोन से बातें करते हुए घर में कहा कि वह थोडी देर में आ रहा है। बताया गया है कि उसके बाद से रवि मौर्या का कोई पता न चलने पर परिजन किन्हीं अनहोनी से सहमे हुए परिजन मऊआइमा थाना में शनिवार को गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई। रविवार को सुबह घर से पांच सौ मीटर दूरी पर स्थित एक तालाब के पास गांव के राम प्यारे शर्मा के ट्यूबवेल के छत पर रवि मौर्या का शव फूली हुई हालत में गले में रस्सी से कसा हुआ तथा सिर में गहरा जख्म देखा गया।।सूचना पर परिजनों में हड़कंप मच गया कुछ ही देर में ग्रामीणों की काफी भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की बताया गया है कि शराब की शीशी भी मिली। बताया गया है कि रवि मौर्या का कोई मित्र रहें होंगें।जिनके साथ वह ट्यूबवेल के छत पर चढा होगा।बतते हैं कि मृतक की माता संगीता देवी, पिता पन्ना लाल मौर्या, छोटा भाई सनी 16 वर्ष छोटी बहन शिवानी का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के पिता पन्ना लाल मौर्या ने मऊआइमा थाने में अज्ञात हत्यारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मौके पर पुलिस फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड टीम तथा मऊआइमा की भारी फोर्स भी पहुंच कर जांच पड़ताल में लगी रही।

परिचित के साथ ही ट्यूबवेल के छत पर गया होगा रवि मौर्या, देखी गई शराब की शीशी

मोहम्मद पुर सराय अली गांव से पांच सौ मीटर दूरी पर एक तालाब के निकट गांव के राम प्यारे शर्मा के ट्यूबवेल की छत पर रवि मौर्या कैसे पहुंचा न सीढी है न चढने का कोई जरिया बताया गया है कि जरूर कोई घनिष्ठ मित्र रहा होगा उसी के साथ ट्यूबवेल के छत पर चढ कर शराब पीए होंगें उसके बाद रवि मौर्य का गला रस्सी से कस कर सिर कूच कर हत्या कर दी गई होगी।

रवि मौर्या की हत्या क्यों हुई चर्चा का विषय

रवि मौर्या का किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी आखिर उसकी हत्या क्यों कि गयी यह एक रहस्य बन गया है गांव में अनेकों प्रकार की चर्चा की जा रही है कोई पीने पिलाने में कहा सुनी तो कोई आशनाई की बातें कर रहा है

डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारतीय ने कहा कि परिजनों से पूछताछ और सर्विलांस के सहयोग से हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

चलो सफाई की एक आदत डालें, कूड़े को कूड़े दान में ही डालें

नैनी। नैनी अरैल सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी ओमप्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में रविवार को अरैल स्थित शूलटंकेशवर मंदिर पर जनजागरण के साथ भव्य स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें आम जनमानस से आस्था के केंद्र मंदिरों पर स्वच्छता रखने हेतु एक विनम्र अपील की गयी। स्वच्छता अभियान में प्रथम बार उपस्थित साथी ऋषिकेश प्रजापति ने कहा कि हम अपने मन मस्तिष्क को जब साफ सुथरा रखेंगे, तो हमारे अंदर एक प्रेरणा जागेगी सार्वजनिक स्थानों, मंदिरों एवं गंगा तटो को भी हम साफ सुथरा रखने के लिए जागरूक होंगे। क्योंकि मंदिर एवं गंगा यमुना के तट हमारे आस्था के केंद्र हैं, जो हमें सही रास्ते पर चलने हेतु मार्ग प्रशस्त करते हैं। मंदिर प्रांगण में मंदिर की दिन रात सेवा करने वाले शिव भक्त राजेश मौर्या ने

कहा, कि संस्थान सरस्वती परिवार की टीम कड़ी मेहनत के साथ निरंतर स्वच्छता अभियान चला रही है, इसमें देश व समाज के समस्त नागरिकों की सहभागिता होनी चाहिए, जिससे देश व समाज स्वच्छता की ओर अपनी एक अलग पहचान बना सके। कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडे, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा, डां.एस.बी.यादव, संदीप केसरवानी, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, आत्म प्रकाश यादव, धीरज राजवानी, अभिषेक यादव, उज्जवल यादव,आर्यन यादव,निर्मल कुशवाहा, कार्तिकेय तिवारी, प्रवीण तिवारी, गौरव यादव, सनी यादव, सौरभ यादव, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

औद्योगिक क्षेत्र में नशेड़ी युवकों ने बाइक चोरी कर लगा दी आग

नैनी। नैनी औद्योगिक क्षेत्र के लवायन कला गाव से नशेड़ी युवकों ने एक बाइक चोरी कर ली। कुछ दूर सरस्वती हाइटेक सिटी के पास लाकर बाइक को आग लगा दी। पीड़ित ने औद्योगिक पुलिस को मामले की तहरीर दी है। लवायन कला इलाके में रहने वाले ललऊ राम निषाद प्रतिदिन की अपनी बाइक को घर के बाहर खड़ी कर-के घर के अंदर चले गए। रात लगभग बारह बे घर के बाहर आहट हुई तो उनकी पत्नी बाहर निकली। देखा बाइक गायब थी। जिसके बाद उनके बेटे राजेंद्र निषाद ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही बाइक की तलाश शुरू कर दी। रास्ते में एक पेट्रोल टंकी पर पूछताछ में पता चला कि दो नशेड़ी युवक बाइक लेकर जाते हुए दिखाई दिए हैं। शातिर जब बाइक ले जाने में कामयाब नहीं हो सके तो उन्होंने बाइक को आग लगा दी।

मऊआइमा के फराज फारूकी स्पेन में बने सहायक प्रवक्ता, खुशी की लहर

मऊआइमा। मऊआइमा के मऊ दोस्त पुर गांव निवासी अधिवक्ता वामिक एजाज फारूकी के पुत्र फराज फारूकी का स्पेन देश की राजधानी मैड्रिड विश्वविद्यालय में अंग्रेजी भाषा सहायक प्रवक्ता के रूप में चयन होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है । अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से अपनी शिक्षा प्राप्त करने वाले फराज बताते हैं कि यह उनके अथक प्रयासों का ही परिणाम है और वह इस उपलब्धि का श्रेय समस्त रूप से अपने माता पिता एवं परिजनों को देना चाहेंगे । फराज 2 4 सितंबर को नई दिल्ली से मैड्रिड के लिए रवाना होंगे । इस मौके पर उन्हें अनेकों बधाई संदेश प्राप्त हो रहे हैं । बधाई देने वालों में तौकीर अहमद, चेयरमैन शोएब अंसारी,

समाज सेवी नूर उद्दीन सैफी, मेराज आरिफ, शकील इकबाल फारूकी, जमालुर्रशीद उर्फ काजू,संतोष यादव, विवेक पटेल, धीरज यादव, मोहम्मद आशिफ, शिवम त्रिपाठी, संजय यादव, गुड्डू मौर्य आदि रहे।

बिजली का बकाया वसूलने गए कर्मियों को पूर्व प्रधान ने दी जान से मारने की धमकी

मऊआइमा। विद्युत बकाया न जमा करने पर कनेक्शन काटने पर पूर्व प्रधान सहित उनके साथियों ने विद्युत कर्मियों को जान से मारने की धमकी दी तथा सरकारी काम में बाधा डालने पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मऊआइमा उप केन्द्र के अवर अभियंता अनुराग सिंह,उप खंड अधिकारी नरेंद्र कुमार बिलिंग सुपर वाइजर रोहित शर्मा,तथा अन्य कर्मचारी विनोद कुमार, लालचन्द्र, अशोक कुमार आदि ग्राम विशम्भरपुर बकाया बिलों का भुगतान तथा बिजली चोरी आदि के लिए गए थे। आरोप है कि पूर्व ग्राम प्रधान बाबूलाल यादव पुत्र अर्जुन प्रसाद का बकाया 67 हजार 358 रूपया न जमा करने पर कनेक्शन काट दिया गया। जिससे क्षुब्ध पूर्व ग्राम प्रधान सहित अनेकों लोगों को लेकर जहां भी चेकिंग करते व्यवधान उत्पन्न करते तथा जबरियन कनेक्शन जोडने पर तुल गए। आरोप है कि वह गालियां दी जान से मारने की धमकी दी गई।और सरकारी काम में बाधा डाली। पुलिस ने अनुराग सिंह अवर अभियंता की तहरीर पर पूर्व प्रधान बाबूलाल,साथी करन और अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

चेकिंग के दौरान विद्युत कर्मियों को मारा पीटा गया जान से मारने की धमकी मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। बिजली चेकिंग और राजस्व वसूली करने गए विद्युत कर्मचारियों को दौडा दौडा कर पीटा गया जान से मारने की धमकी दी गई। कर्मचारियों को बंधक बनाए जाने पर पुलिस ने छुडाया मुकदमा दर्ज कराया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गदियानी सरैंया में उप केन्द्र होलागढ़ से बिजली आपूर्ति की जाती है। मुरारी लाल दूबे अवर अभियंता तथा निविदा कर्मचारी अभिषेक, विजय कुमार आदि गदियानी सरैंया में तुलसी राम के परिसर का बकाया 36 हजार रूपया न जमा करने पर बिजली काट दी गई। आरोप है कि तभी विधुत कर्मियों पर हमलावर हो गए लाठी डंडा से मारे जान से मारने की धमकी देते हुए विजय विधुत कर्मचारी को बंधक बना कर घर जलाने की धमकी दी गई।तथा बंधक बनाकर कर अभिषेक को जाति सूचक गालियां दी गई।112 नम्बर की पुलिस पहुंच कर विजय के परिजनों को मुक्त कराया।मुरारी दूबे अवर अभियंता ने मऊआइमा थाने में मुलायम, राकेश,अजय,दो अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मनरेगा योजना के सम्बंध में जनसंवाद व जनसुनवाई कार्यक्रम कल

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। लोकपाल मनरेगा के विकास भवन के द्वितीय तल पर स्थित कार्यालय में 10 सितम्बर से जनसंवाद व जनसुनवाई कार्यक्रम शुरू होगा जो दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को आयोजित होगा। इस समय लोकपाल मनरेगा समाज शेखर जनसामान्य, मजदूरो, मनरेगा कर्मियों व विशिष्ट नागरिको से मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार व अनियमितता के सम्बंध में संवाद एवं सुनवाई करेंगे। लोकपाल समाज शेखर ने कहा है कि इस दिन निर्धारित अवधि में सलाह व शिकायत पर समुचित जांचोपरांत होगी। ठोस व व्यावहारिक कार्यवाही सुनिश्चित होगी।

विश्व शांति की कामना के साथ शुरू हुआ जैनधर्म का पर्यूषण पर्व

अखंड भारत संदेश

भगवान ऋषभनाथ का हुआ विधि-विधान के साथ शांतिधारा महाभिषेक

प्रतापगढ़। श्री दिगम्बर जैन मंदिर कटरा मेदनीगंज में रविवार को विश्वशांति की कामना के साथ दस दिनों तक चलने वाले जैन धर्म के महापर्व पर्वराज पर्युषण का शुभारम्भ हो गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम जैन धर्म के प्रथम तीर्थकर भगवान ऋषभदेव का अभिषेक एवं इसके पश्चात विधि-विधान के साथ शांतिधारा महाभिषेक सम्पन्न हुआ।

अभिषेक के समय पूरा मंदिर परिसर भगवान के जयकारों एवं पर्युषण पर्व के जयकारों से गूंज रहा था। भगवान ऋषभदेव का महाभिषेक मंगलमंत्रों, वाद्ययन्त्रों एवं जयकारों के बीच सम्पन्न हुआ है। अभिषेक के पश्चात नित्य नियम पूजन, चतुर्विंशति तीर्थकर विधान, स्वस्ति मंगल विधान, चैसठ ऋद्धियों को अर्घ, तीर्थकर पूजन विधान के उपरान्त दशलक्षण विधान का

भगवान ऋषभदेव का महाभिषेक करते जैन धर्म के अनुयायी।

अयोजन हुआ। इस अवसर पर भक्तों ने नाच गाकर पूजन अर्चन किया। इसके साथ ही महिलाओं द्वारा आरती भी की गयी। इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष ऋषभ चन्द्र जैन ने पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पर्युषण इस देश का पहला पर्व है जो मानव को भोग पथ से हटाकर योग पथ की ओर अग्रसर करता है। पर्युषण आमोद प्रमोद का नहीं बल्कि संयम, साधना और उपवास का पर्व है। जैन समाज के महामंत्री प्रदीप कुमार जैन ने बताया कि त्याग व्रत की शिक्षाओं को अपने अन्दर संजोये यह पर्व हमें दस धर्मों को अपनाने पर जोर देता है। जैन समाज के संरक्षक ध्रुव कुमार जैन ने बताया कि पर्युषण आत्मराधन एवं आत्मदर्शन का महापर्व है जो आत्मा के प्रदूषण काम, क्रोध, मद, लोभ आदि विकारी भावों को दूर करने का माध्यम है। इस अवसर पर मेवालाल जैन, ऋषभ चंद्र जैन, ध्रुव कुमार जैन, प्रदीप कुमार जैन, सुनील कुमार जैन, संदीप जैन, शैलेश जैन, सुमत कुमार जैन, सुधीर जैन, राजेंद्र जैन, राजीव जैन, संजीव जैन, मिठाई लाल जैन, आकाश जैन, यश जैन, निहारिका जैन, गीता जैन, प्रीति जैन, अंकुर जैन, अंकित जैन, निर्मल जैन, जानू जैन, अनिल जैन, नवनीत जैन, संतोष जैन, सोहन लाल जैन आदि उपस्थित थे। पर्व का समापन 18 सितम्बर को होगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर पंचायत भवन के हस्तांतरण के लिये सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपर जिलाधिकारी व प्रभारी नगर निकाय को एक वर्ष पूर्व बने नगर पंचायत भवन के हस्तांतरण के लिए बीते शुक्रवार को गुहार लगाई।

नगर पंचायत अध्यक्ष ढकवा अशोक त्यागी ने जनपद के उच्च अधिकारियों को ज्ञापन देकर मौजूदा नगर पंचायत ढकवा के अधिशासी अधिकारी पर उदासीनता व लापरवाही का आरोप लगाते हुए भवन को हस्तांतरण नहीं करने की शिकायत की है।नगर अध्यक्ष का कहना है कि एक वर्ष पूर्व ही नगर पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है बावजूद इसके किराए के भवन में नगर पंचायत कार्यालय का संचालन करना पड़ रहा है। किराए के भवन में पर्याप्त जगह न होने के कारण नगर पंचायत की आवश्यक सामग्रियों के रखरखाव में बाधा पैदा हो रही है।नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ सभी सभासदों ने उच्चाधिकारियों से नगर पंचायत भवन के हस्तांतरण की मांग की है। अब देखना यह होगा कि उच्च अधिकारियों द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत भवन का हस्तांतरण कराया जाता है या उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। इस दौरान नगर के सभासद सीमा देवी, सुनील यादव, मनोज यादव, धीरज कुमार, उमेश, मनोज सहित अन्य सभासद मौजूद रहे। जबकि नगर पंचायत ढकवा के अधिशासी अधिकारी का कहना है कि अभी कार्यदायी संस्था द्वारा हस्तांतरण की कार्यवाही नहीं की गई है जिस कारण अभी तक भवन के हस्तांतरण की कार्यवाही नहीं हो पा रही है।

सोनामऊ गंगाघाट पर विधायक निधि से स्वीकृति हुआ यात्री शेड

अखंड भारत संदेश

क्षेत्र व ग्रामवासियो मे दौड़ी खुशी की लहर

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर के नवाबगंज सोनामऊ गंगाघाट किनारे जनसतादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया द्वारा बाबागज विधायक विनोद सरोज के विधायक निधि से स्वीकृत धनराशि 12 लाख रुपये का यात्री शेड का भूमि पूजन रविवार को मुरस्सापुर पूर्व ग्राम प्रधान जीवनलाल यादव को बाबा धर्मराज ने वेदो मंत्रोंच्चारण के साथ सम्पन कराया। इस मौके पर मौजूद वर्तमान ग्राम प्रधान संगीता यादव व पति सुरेश कुमार यादव, अनिल सिंह बाबा, गौतम कुशवाहा गनेश अग्रहरि, शैलेश यादव व विजय कुमार ने राजा भैया व विनोद सरोज विधायक बाबागज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गंगाघाट किनारे यात्री सेट के बन जाने से क्षेत्रवासियों व ग्रामवासियो के लिए बड़े सौभाग्य की बात है। गर्मी, जाड़ा व वारिश मे लोगो को बड़ी राहत मिलेगी खास कर आस पास व दूर दराज के लोग शव का दाह संस्कार करने आते है तो उनको बैठने के लिए छाया नही मिलती। बता दें कि कालाक़ांकर शमशान घाट का रास्ता ठीक न होने से ज्यादातर शव अंतिम संस्कार के लिए नवाबगंज सोनामऊ गंगाघाट आते है। शव दाह गृह न होने से बरसात मे बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है।

सोनामऊ घाट पर यात्री शेड का भूमि पूजन करते जीवनलाल

जिले के पाण्डालों में विराजे श्रीगणेश, शुरू हुई पूजा-अर्चना

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़/लालगंज। शनिवार को गणेश चतुर्थी के पर्व को लेकर प्रतापगढ़ शहर व लालगंज क्षेत्र में जगह-जगह पाण्डालों में मंगलप्रदाता भगवान श्रीगणेश जी विराजे। वहीं भव्य शोभा यात्राओं में भक्तों ने भगवान गणेश पर पुष्पवर्षा की। शहर में श्याम बिहारी गली, चिलबिला व आदर्श नगर में गणेश की प्रतिमाएं पूजा पाठ करके स्थापित की गई।

लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार दस दिनों तक गणेश जी की चतुर्थी उत्सव की धूम को लेकर जगह-जगह प्रशासन भी सजग दिखाई दिया। कस्बा समेत जलेशरगंज, रानीगंज कैथौला, रामपुर बावली, सगरा सुन्दरपुर, अजगरा, सांगीपुर, अठेहा, उदयपुर, बाबा घुइसरनाथ धाम आदि जगहों पर बने पाण्डालों में विधिविधान से भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा को स्थापित करके पूजन अर्चन आरम्भ हुआ। रानीगंज कैथौला

पण्डाल मे विरोज श्रीगणेश जी।

बस स्टॉप पर पाण्डाल में भगवान श्रीगणेश का दर्शन पूजन करते श्रद्धालु उत्साह में दिखाई दिए। यहां व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन अग्रहरी व व्यापार मंडल के वरिष्ठ सदस्य शरद सिंह के संयोजन में स्थापना पूजन किया गया। राम बाबू सोनी, संजय सोनी, सूर्य प्रकाश पांडेय, मुन्ना गुप्ता, धीरज जायसवाल, मोवीन खां, दिनेश सिंह वैद्य, छेदी लाल गुप्ता, शकर लाल जायसवाल, सुनील अग्रहरी, सौरभ सिंह आदि लोग भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना में लगे दिखाई दिए। बाबा घुइसरनाथ धाम में बाबा का भव्य श्रृंगार आकर्षक का केंद्र रहा। बाबा के भगवान गणेश जी के सुंदर स्वरूप को भक्त निहारते दिखे।

संगठन की बैठक में मौजूद विद्यालयों के प्रबंधकगण।

17 को होगा स्ववित्तपोषित विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन का अधिवेशन

पहली बार संगठन की हुई जिले में बैठक

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। न्यू एंजिल्स इण्टर कॉलेज, ओल्ड कैंपस, कटरा रोड में रविवार को स्ववित्तपोषित विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विद्यालय हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर परिचर्चा हुई। बैठक में संगठन के वार्षिक अधिवेशन के कार्यक्रम के लिए 17 अक्टूबर की तारीख को सर्वसम्मति से सुनिश्चित किया गया।

डॉ शाहिदा न्यू एंजिल्स स्कूल की अध्यक्षता वाली इस बैठक में अनिल त्रिपाठी डॉल्फिन पब्लिक स्कूल, विनोद सिंह बी.एस.एस., अवनीश मिश्रा वशिष्ठ गुरुकुलम, आनंद केसरवानी श्रीराम बालिका इण्टर कॉलेज, रमा खण्डेलवाल रत्ना देवी स्कूल, शिव प्रकाश केसरवानी प्रकाश एकेडमी, मिथलेश पाण्डेय टेंडर हार्ट स्कूल, बाबर सैफुद्दीन समरफील्ड पब्लिक स्कूल, अनुराग उपाध्याय शांति निकेतन एवं अखिलेश सिंह एकलव्य एकेडमी सहित अन्य कई विद्यालय के प्रबंधक उपस्थित रहे। अंत में डॉ शाहिदा ने सभी आगंतुक प्रबंधकों के प्रति अपना आभार प्रकट किया।

चिकित्सा शिविर में 24 मरीजों का हुआ परीक्षण

लायंस क्लब गौरव द्वारा हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए बच्चों एवं युवा के जन्म से कटे फटे होंठ, तथा तालू विकारों संबंधी चिकित्सा शिविर में वाराणसी से पद्मश्री डॉ. जयंत तपादार तथा उनके सहयोगी डॉक्टर आर के दुबे सर्जन की टीम ने 24 मरीज का परीक्षण किया।

परीक्षण के उपरांत 18 बच्चों को आगामी एक माह के अंदर स्मयन हॉस्पिटल, वाराणसी में टेढ़े नाक, कटे होंठ व तालू के मरीजों सहित, बोली में सुधार के निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी ऑपरेशन के लिए के लिए चयन किया गया। जिसमें आठ नए मरीज और 18 दोबारा ऑपरेशन करने वाले बच्चे शामिल हैं। सर्जन डॉ. आर के दुबे ने बताया कि कटे होंठ, मसूड़े की मरम्मत के लिए सर्जरी की सलाह जीवन के पहले 12 से 18 महीनों के मध्य के लिए की जाती है। कई बच्चों को बड़े होने पर अतिरिक्त शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं की आवश्यकता होगी। बच्चों में प्लास्टिक सर्जरी के बाद शारीरिक विकास के साथ-2 दाग-धब्बे भी पूरी तरह से मिट जाते हैं। ऑपरेशन स्माइल प्रोजेक्ट का उद्देश्य ऐसे जन्मजात मरीजों की प्लास्टिक सर्जरी कर उनके चेहरे पर खुशी ले आना है। बता दें कि लायंस क्लब प्रतापगढ़ गौरव द्वारा वर्ष 2010 से प्रत्येक वर्ष ऐसे लगभग 650 मरीजों की नियमित जांच और उनके ऑपरेशन संबंधी व्यवस्थाओं में सहयोग किया जाता रहा है। प्रोजेक्ट स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत स्मयन हॉस्पिटल, वाराणसी में कुशल सर्जनों की टीम द्वारा यह कार्य निःशुल्क किया जा रहा है। भानु नर्सिंग होम, भदरी हाउस में आयोजित इस शिविर में संस्थान की अध्यक्ष मालिनी केसरवानी, सचिव श्रद्धा केसरवानी, पूर्व अध्यक्ष कंचन सिंह, बृजभानु सिंह, शिशिर खरे, आनंद केसरवानी, बीना सिंह तथा वाराणसी से आए हुए सहायक प्रदीप कुमार यादव और बसंत कुमार पाल का विशेष सहयोग रहा।

बच्चे का परीक्षण करते चिकित्सक।

मां बेल्हा देवी-प्रयागराज रूट पर एक सौ दस की स्पीड से दौड़ेंगी ट्रेनें

ट्रैक की मरम्मत का कार्य शुरू, मशीन से डाली जा रही गिट्टियां, अभी पचास की गति से चल रही गाडियां

प्रतापगढ़। मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन और प्रयागराज के बीच का रेलवे ट्रैक थका हुआ है। इस पर ट्रेनों की स्पीड महज पचास किलोमीटर प्रति घंटा है। दोनो स्टेशन की दूरी तय करने में ट्रेनों को सवा घंटे से कम नहीं लगता है। लेकिन जल्द ही इस रूट का भी कायाकल्प होने जा रहा है। ऐसा हुआ तो वह दिन दूर नहीं जब ट्रेनें दुगुनी स्पीड से दौड़ेंगी। इसके लिए ट्रैक की मरम्मत के साथ ही गिट्टी की नई खेप बिछाने के कार्य में तेजी लाई गई है। मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन और बनारस के बीच बिछाई गई रेलवे लाइन की स्पीड बहुत पहले ही बधाई जा चुकी है। उसका तो दोहरीकरण का कार्य भी तेजी से चल रहा है। इसके विपरीत धर्मस्थली अयोध्या और संगम को जोड़ने वाले रेलवे ट्रैक की हालत काफी खस्ता है। इस रूट के महत्व को देखते हुए पहले इसका की कायाकल्प इस सरकार में होना था। फिलहाल अब रेलवे ने इस मार्ग की सुधि ली है। हाल ही में इसकी मरम्मत का कार्य शुरू किया। जिसके अंतर्गत ट्रैक की सफाई करके मिट्टी निकली गई। नई गिट्टियां डाली गई। इस बारे में पीडब्लूआई अवधेश पाल ने बताया है कि मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन और प्रयागराज के बीच ट्रैक की दुरुस्तीकरण का कार्य होना है। ऐसा हो जाने से इस पर आने वाली ट्रेनों की गति एक सौ दस हो जायेगी। स्पीड बढ़ाने की मंशा के पीछे इस रूट पर ट्रेनों की संख्या भी बढ़ाना है। सूत्रों की मानें तो मालगाड़ी की संख्या भी बढ़ेगी।

एमडीपीजी कालेज की छात्रा रितिका व राधा ने जीता कांस्य पदक

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय की बीकॉम तृतीय वर्ष छठा सेमेस्टर की छात्रा रितिका सिंह पुत्री संतोष कुमार सिंह ने प्रो राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय की परीक्षा में कांस्य पदक प्राप्त किया है। एमडीपीजी की ही छात्रा राधा तिवारी पुत्री श्रवण कुमार तिवारी को एम ए द्वितीय वर्ष चतुर्थ सेमेस्टर अंग्रेजी विषय में कांस्य पदक प्राप्त हुआ है। दोनों ही छात्राओं को 10 सितंबर को आयोजित दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति के हाथों सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र, जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडेय, क्रीड़ा प्रभारी प्रो प्रदीप कुमार सिंह, चीफ प्रॉक्टर प्रो राधा कृष्ण दूबे ने छात्राओं की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

प्रयागराज मंडल से गांधी नगर में गणित की कार्यशाला में स्कंद करेंगे प्रतिभाग

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अष्टभुजा निकेतन इंटर कालेज जेठवारा के प्रधानाचार्य एवं गणित के शिक्षक स्कंद नारायण तिवारी को आइआइटी गांधीनगर में आयोजित गणित की कार्यशाला में प्रतिभाग करने को आमंत्रित किया गया है। उन्हें प्रयागराज मंडल से गणित कार्यशाला में पांच दिनों के लिए चयनित किया गया है। यह प्रशिक्षण 10 सितंबर से 14 सितंबर तक होगा। वहां वह गणित विषय को किस प्रकार और रुचिकर बनाया जा सकता हैं, जीवन शैली से कैसे जोड़ा जा सकता है, इसका प्रशिक्षण देंगे। उत्तरप्रदेश से कुल 39 शिक्षक चयनित किए गए हैं, इनमें एक स्कंद नारायण भी हैं। उनके इस चयन पर डीआइओएस ओमकार राणा, जीआइसी कांपा के प्रधानाचार्य डा. विंध्याचल सिंह, जीआइसी के प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ तिवारी, जीजीआइसी की प्रधानाचार्य गीता यादव, उप प्रधानाचार्य डा. मो. अनीस, पीबी कालेज के प्रधानाचार्य डा. अनूप कुमार सिंह आदि ने खुशी का इजहार किया है।

ऐसे बेटे से मुझे कोई वास्ता नहीं

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। सुल्तानपुर में सराफ के साथ लूट कांड के आरोपी अंकित यादव की मां अपने बेटे की करतूत से नाराज हैं। उनका कहना है कि ऐसे बेटे से उनका कोई वास्ता नहीं है, न ही वह उसे देखना चाहती हैं। दो भाई व एक बहन में सबसे बड़ा अंकित है गांव में सन्नाटा है। एसटीएफ, सुल्तानपुर और प्रतापगढ़ की पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के हरिका पूरा निवासी बाबूलाल के दो बेटे व एक बेटी है। बड़ा बेटा अंकित सुल्तानपुर में सराफ भारत सोनी की दुकान में लूटकांड में आरोपी है। उस पर पुलिस ने एक लाख का इनाम भी घोषित किया है। आसपुर देवसरा के साथ सुल्तानपुर की पुलिस लगातार उसके घर के अलावा संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। घर पर सन्नाटे के बीच मां सावित्री दुखी हैं। अंकित के पिता बाबूलाल खामोश हैं। थानाध्यक्ष आसपुर देवसरा संतोष सिंह ने बताया कि इनामी अंकित की तलाश लगातार की जा रही है। रिश्तेदारी के अलावा प्रयागराज और जौनपुर में भी कुछ संभावित स्थानों पर दबिश दी गई।

स्कूल प्रबंध निदेशक की इलाज के दौरान मौत, शोक

बाघराय, प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के नारंगपुर गांव निवासी व एनबीएस पब्लिक स्कूल त्रिलोकपुर के प्रबंध निदेशक सुनील कुमार सिंह (42) वर्ष बीते 28 अगस्त की रात में बाइक से घर आते समय देवरी हरदोपट्टी गांव के पास आवारा पशुओं को बचाने के चक्कर में पशुओं से बाइक सहित टकराकर दूर जा गिरे थे। गंभीरावस्था में उनका इलाज पी जी आई लखनऊ में चल रहा था। आज लखनऊ में इलाज के दौरान दोपहर में सुनील कुमार सिंह की मौत हो गई। उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव नारंगपुर पहुंच चुका है। अंतिम संस्कार आज रविवार को ही आज साढ़े चार बजे श्रृंगवेरपुर घाट पर किया गया। इसे लेकर नारंगपुर गांव में शोक की लहर है।

सीज हुयी संपत्ति के उपभोग के मामले सपा के जिलाध्यक्ष पर रिपोर्ट दर्ज

छविनाथ यादव समेत उनके घर वालों पर दर्ज हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

कुण्डा, प्रतापगढ़। सपा नेता छविनाथ के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज होने से शियासत के गलियारे में एक बार फिर चर्चाओ का बाजार गरमा गया है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष के खिलाफ सीज हुयी संपत्ति का उपभोग करने के मामले मे कुण्डा पुलिस ने मामला दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज होने की सूचना पर उनके समर्थको मे आक्रोश फैल गया।

बताते चलें कि 24 जून 2024 को छविनाथ यादव की संपत्ति गैंगेस्टर एक्ट मे सीज की गयी थी। उसी सीज हुयी संपत्ति के उपभोग के मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस की जाँच मे मामला सत्य पाया गया। लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने जब्त संपत्ति के उपभोग के मामले मे उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

छविनाथ यादव के खिलाफ गलत तरीके से अर्जित सम्पत्ति को जिला प्रशासन ने सीज कर दिया था। जिसमे उनका विद्यालय, खेत और आम की बाग़ थी। आरोप है की उसी सीज आम की बाग का उपज बेचने का मामला दर्ज किया।

गायत्री देवी पत्नी अर्जुन चमार की शिकायत को सीओ कुण्डा द्वारा जाँच किया गया तो मामला सही पाया गया। सीओ की विवेचना के बाद हलका लेखपाल विनय कुमार ने पुलिस को तहरीर पर कुण्डा पुलिस ने सपा जिलाध्यक्ष के खिलाफ, उनकी माँ शशिप्रभा और पत्नी प्रियंका यादव समेत उनके भाइयों पर मामला दर्ज कर लिया गया। इस मुकदमे की चर्चा क्षेत्र मे जोरों पर है।

सीज हुयी आम की बाग का आम बेचने का आरोप पर प्रशासन की कार्रवाई

नाले में मिला व्यक्ति का शव

अखंड भारत संदेश

कुण्डा, प्रतापगढ़। कुण्डा कोतवाली क्षेत्र में रेलवे स्टेशन रोड के बगल एक नाली में एक व्यक्ति का शव आज प्रातः बरामद किया गया। शव की सूचना पाकर कुण्डा कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराया। पुलिस शव का फिलहाल पहचान नहीं कर सकी है। घटना की जांच में पुलिस जुट गई है। अभी तक पहचान न होने से मामला आगे नहीं बढ़ा है।

प्रमाण पत्र के साथ विजयी छात्र-छात्राएं।

संस्कृत वाचन में दुर्गा, सामान्य ज्ञान में आयुष व गीत में शगुन अव्वल

संस्कृत प्रतिभा अन्वेषण कार्यक्रम में हुई प्रतियोगिताएं

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जीआइसी में संस्कृत प्रतिभा अन्वेषण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें संस्कृत वाचन, संस्कृत सामान्य ज्ञान तथा संस्कृत गीत की प्रतियोगिता हुई। इसमें अव्वल छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

संस्कृत वाचन में जीआइसी चंदी गोविंदपुर का दबदबा रहा। यहां की दुर्गा विश्वकर्मा प्रथम, आसरा बानो द्वितीय तथा नेहा तिवारी तृतीय रहीं। संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में देवनारायण सिंह इंटर कालेज के आयुष प्रथम, संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अठेहा के अनमोल पांडेय द्वितीय तथा श्री कृष्ण संस्कृत विद्यालय रानीगंज कैथौला के अर्पित तिवारी तृतीय रहे। संस्कृत गीत प्रतियोगिता में साकेत इंटर कालेज की शगुन पांडेय प्रथम, जीआइसी चंदी गोविंदपुर कि तृषा मिश्रा द्वितीय तथा साकेत बालिका इंटर कालेज की श्रेयांशी राय तृतीय रही। मुख्य अतिथि सदर विधायक ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। प्रदेश सरकार ने संस्कृत के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवृत्ति में बढ़ोतरी की है। कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र शुक्ल, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण मोहन शुक्ल, भाजपा नेता ओमप्रकाश त्रिपाठी, पवन कुमार श्रीवास्तव ने संबोधित किया। आयोजक जीआइसी के प्रधानाचार्य कुल श्रेष्ठ तिवारी व संयोजक डा. शिवधर नाथ पांडेय ने सभी का स्वागत किया। महामंत्री हरीत पांडेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

● निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए अध्यापक, वार्डेन, रसोईया को कारण बताओं नोटिस निर्गत करने के दिए निर्देश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने रविवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय दहिया नैवादा का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के समय श्रीमती शीला देवी (वार्डेन), श्रीमती रीना देवी (फुल टाइम टीचर), श्रीमती शालिनी मिश्रा (फुल टाइम टीचर), अनीता देवी (मुख्य रसोईया), सीता देवी (सहायक रसोईया) विद्यालय में अनुपस्थित पाई गई। निरीक्षण के समय राज कुमार (चौकीदार) उपस्थित पाए गए। कुल नामांकित 100 के सापेक्ष 69 बालिकाएं उपस्थिति पाई गई हैं। निरीक्षण के समय वार्डेन के अनुपस्थित रहने के कारण निरीक्षण

पूर्ण नहीं किया जा सका। जिलाधिकारी ने बीईओ नैवादा और जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) को निर्देशित किया कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर जांच आख्या तत्काल उपलब्ध कराए। इसके साथ ही निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए कार्मिकों को कारण बताओं नोटिस निर्गत करने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों का नियमित निरीक्षण एवं अनुश्रवण करते हुए आवश्यक सुधार करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में दोषी पाए जाने पर खंड शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

प्रेमिका महिला की मौत के बाद शव को घर में रखकर ताला लगाकर भाग गया प्रेमी युवक

कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के गुवारा गांव में अपने पति को छोड़कर 14 साल से अपने प्रेमी के साथ रह रही एक महिला की इलाज के दौरान मौत के बाद शव को घर के अंदर रखकर प्रेमी युवक फरार हो गया। पड़ोस के लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ग्राम प्रधान की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुवारा तैयबपुर गांव का आफताब उर्फ छुर्छुर शादी शुदा युवक है। करीब 14 साल पूर्व वह विमला देवी उर्फ शकुंतला उम्र 45 वर्ष पत्नी विमलेश निवासी पाण्डेय का पुरवा थाना कोखराज को भी लाकर घर के पास अलग कमरे में रह रहा था। बताते है कि कुछ दिन से विमला की तबियत ज्यादा खराब थी। आफताब शनिवार को विमला को मंझनपुर के निजी अस्पताल ले गया। वहां इलाज के दौरान विमला की मौत हो

पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम को भेजा

गई। इसके बाद आफताब शव को रात को एम्बुलेंस से घर लाया। शव को आंगन में रखकर बाहर से ताला लगाकर पत्नी बच्चों के साथ भाग गया। आस पड़ोस के लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम तक आफताब घर नहीं आया। पुलिस ने विमला की मौत सूचना उसके पति व बेटे को दे दी है। पोस्टमार्टम के बाद विमला का शव उसका बेटा पांडेय का पुरवा अंतिम संस्कार के लिए ले गया।मामले में थाना प्रभारी विनीत सिंह का कहना है कि महिला के शव को आफताब क्यों छोड़कर भाग गया है,जांच की जा रही है, फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज झरोखा

गणपति बप्पा की पूजा अर्चना करते चित्र गुप्त वंशज

भक्तो के जय कारो से गूंज उठा मोहल्ला 'पत्रकार राजू सक्सेना के घर पधारे है गड़पत्ती बप्पा

भरवारी कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत मेहता रोड़ स्थित लखन लाल कॉलोनी में पत्रकार राजू सक्सेना यानी चित्र गुप्त वंशज के घर गणपति बप्पा पधारे है गणेश चतुर्थी से गणेश जी की पूजा अर्चना भक्तों ने शुरू की है जहा पर मोहल्ले के रहने वाले पुरुष एवम महिलाए बच्चो संग तीन दिवसीय कार्यक्रम में सभी भक्तो द्वारा पूजा अर्चना कर जयकारो से पूरा मोहल्ला गुजायमान होता नजर आ रहा हे इस भक्ति पूजा अर्चना में शामिल मंझनपुर से जनपद नय्यालय से पधारे जनपद नय्यालय के न्यायधीश के पेशकर विजय कुमार श्रीवास्तव एवम ए डी जी के पेश कार अनुज प्रताप सिंह तथा राकेश अरोड़ा शंकर लाल अग्रहरी दीपू अग्रहरी मुन्ना लाल सूरज प्रसाद सुशील कुमार अशोक कुमार शर्मा के एस झा फुल चन्द्र मौर्या रमा शंकर सोनी सक्षम सक्सेना आदि लोगो के साथ पूजा कर रहें कनिष्ठा सक्सेना एवम शिवम सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का स्वागत

महेवाघाट कौशाम्बी। नवगठित राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं भाजपा नेत्री प्रतिभा कुशवाहा का कटरा और पिंडरा चौराहा में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि जिस प्रकार शीर्ष नेतृत्व ने मुझे इस पद पर आसीन किया है मैं उसको बहुत ही बखूबी से निभाऊंगी उन्होंने कहा की क्षेत्र की महिलाओं जनपद की महिलाओं को किसी प्रकार की कोई समस्या आती है तो वह उनके लिए 24 घंटा खड़ी रहेंगी। उन्होंने महिलाओं के अधिकार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन सुनीता कुशवाहा द्वारा किया गया है इस अवसर पर बजरंग मौर्य विक्रम सिंह राजेश कुशवाहा शिवनरेश कुशवाहा (पप्पू)शैलेंद्र मौर्य धर्मपाल कुशवाहा सुरेश कुशवाहा निर्मला देवी गमला देवी आरती सिंह राजमती गिरिजा देवी कौशल्या देवी विमला देवी आदि ग्राम वासी उपस्थित थे।

पूर्व मुख्यमंत्री पण्डित कमलापति त्रिपाठी के जयंती पर शामिल हुए कौशांबी के कांग्रेसी

कौशाम्बी। वाराणसी में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय पण्डित कमलापति त्रिपाठी के 119 वी जयंती दिवस पर वाराणसी में कौशांबी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में कौशांबी कांग्रेस के सभी पदाधिकारी वाराणसी में उपस्थित रहे ।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय श्री पण्डित कमलापति जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को याद किया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्वर्गीय कमला त्रिपाठी जी एक आदर्श नेता थे जिनके बताएं हुए रास्ते मे हम सभी कॉंग्रेस के सिपाही चल रहे है और आगे भी चलते रहेगे पण्डित जी हम सभी के आदर्श हैं और रहेंगे इस मौके पर कौशांबी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पांडेय ने कहा पण्डित जी हम सबके प्रेरणा स्रोत हैं ! पण्डित जी ऐसे राज्य नेता थे अगर कहे जिनको देख कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी छवि झलकती है और पंडित नेहरू जी के आदर्श दिखाई देते हैं !पण्डित जी मुख्यमंत्री रहते हुए जो काम पूरे उत्तर प्रदेश में किया है वो आज तक किसी मुख्यमंत्री ने नहीं किया है।मैं पण्डित जी को शत शत नमन करता हुं। इस मौके पर रामबहादुर त्रिपाठी प्रदेश सचिव प्रभारी कौशांबी राजेश साहनी मो अकरम अमित द्विवेदी आजाद उदय यादव मोहम्मद मसरूर शाहरुख, अलकमा उस्मानी दीपक पाण्डेय बाबु जी, नुरुत्त जमा, श्याम सिंह, राम प्रकाश पांडा, आकिब, असद, वकार लगभग दर्जनों की संख्या में कौशांबी कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नगर पालिका परिषद भरवारी के मझियावा में डायरिया से दो की मौत, कई लोग बुखार से पीड़ित

कौशाम्बी जिले के नगर पालिका परिषद भरवारी के दरियापुर मझियावां गाँव में शनिवार की दोपहर डायरिया की चपेट में आने से एक और दो वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गयी। परिजनों ने बिना पीएम कराये ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।इसके पूर्व एक किशोर की बुखार से मौत हो चुकी है। नगर पालिका परिषद भरवारी के दरियापुर मझियावां गाँव निवासी बनवारी लाल मजदूर है। वह किसी तरह मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। बनवारी लाल की माने तो बीते दो दिनों से उसकी दो वर्षीय मासूम बेटी प्राची उल्टी दस्त से परेशान थी। परिजन बच्ची को मंझनपुर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाकर इलाज करा रहे थे। शनिवार की दोपहर को मासूम प्राची की मौत हो गयी। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद से मृत मासूम की मां श्यामा देवी, पिता बनवारी लाल व बहन अनुराधा का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बिना पीएम के ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।वही बुखार से मौत की खबर सुनते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची और कैंप लगाकर लोगो का इलाज किया,स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों ने दो दर्जन लोगोंक ब्लड सैंपल लिए और जांच के लिए भेजा,स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव के दो दर्जन से अधिक लोगो का इलाज किया लेकिन अधिकतर लोग बुखार,सर्दी,खांसी और जुकाम से ही पीड़ित मिले।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

कौशांबी। नारी सुरक्षा/स्वावलंबन की दिशा में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत समस्त थाना क्षेत्र में महिला पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण किया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान बालिकाओं/ महिलाओं को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास पुलिस टीम द्वारा दिलाया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के संबंध में बताया गया तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई।

राजस्थान में महिला की हुई मौत के बाद परिजनों की नाजायज मांग

पीएम होकर शव लेकर परिजन पहुंचे कौशाम्बी,हत्या का आरोप लगाकर थाने के बाहर शव रखकर किया प्रदर्शन, पुलिस ने थाने से भगाया

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर खोराव की रहने वाली शमा बेगम पत्नी अजमेरूल पुत्र ताजुद्दीन वर्तमान समय में जैसलमेर राजस्थान में अपने पति के साथ रहती थी,5 सितंबर को शमा बेगम का शव पंखे से लटकता हुआ मिला था,जिसका पोस्टमार्टम कराकर परिजन शव को एंबुलेंस से लेकर कौशाम्बी पहुंचे, जहा मृतका के परिजन करारी थाना क्षेत्र के बैशकाठी निवासी लईक अहमद और परिजन मृतका के शव को लेकर कोखराज थाने पहुंचे और शव का दोबारा पीएम कराने को लेकर प्रदर्शन किया,इस दौरान दोनो पक्षों में तीखी नोंकझोंक भी हुई। इस दौरान कोखराज थानाध्यक्ष दुर्गेश गुप्ता का रवैया दोनो पक्षों की तरफ बेरूखा रहा,उन्होंने किसी की कोई भी बात नही सुनी और थाने से दोनो पक्षों को भगा दिया,जिससे दोनो पक्ष के लोगो में आक्रोश रहा।वही पुलिस द्वारा भगाए जाने के बाद एंबुलेंस चालक शव को लेकर कही चला गया,जिसको लेकर परिजनो ने यूपी 112 को फोन किया और अपनी व्यथा बताई पुलिस के इस रवैए से आक्रोशित मृतक महिला के मायके पक्ष परिजनो ने उच्च अधिकारियों से कोखराज थाना पुलिस की शिकायत की है। अहम बात यह है कि दूसरे राज्य में मौत को लेकर के पुलिस को दुबारा पोस्टमार्टम कराने का अधिकार नहीं है परिवार के लोग नाजायज मांग कर रहे हैं।

नाबालिक को अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला वांछित गिरफ्तार

कौशांबी। नाबालिक लड़की को अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को सराय अकिल थाना क्षेत्र के बेनी राम कटरा चौकी इंचार्ज लाल साहब यादव अभियुक्त को मय हमराह पुलिस बल द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मु0अ0सं0 164/2024 धारा 363/366/376 भादवि व पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रंजीत पुत्र सतीश नि० कोटिया थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को कोटिया पावर हाउस के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ़्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा गया और वहां से न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

बालिकाओं को उनके अधिकारों के संबंध में बताया गया

कौशाम्बी। नारी सुरक्षा स्वावलंबन की दिशा में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना मंझनपुर पुलिस टीम सहित संपूर्ण जिले की थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं महिलाओं को उनके अधिकारों के संबंध में बताया गया तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

पुलिस ने पैदल गस्त कर सुरक्षा का एहसास कराया

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद में शांति,सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिले के संपूर्ण थाना पुलिस और चौकी पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चौराहों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त कर सुरक्षा का एहसास कराया गया। कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया अपराधियों को कठोर चेतावनी दी गई और सड़क पर वाहन न खड़ा करने की हिदायत दी गई है।

एएसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

कौशाम्बी। अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा थाना कड़ाधाम अन्तर्गत लेहदरी पुल पर हुई घटना के घटनास्थल का निरीक्षण कर संदिग्ध व्यक्ति वाहनों की चेकिंग की गयी एवं गस्त कर ड्यूटी में मौजूद पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

बाइक से जा रहे दंपति से छिनौती

कौशाम्बी। पइंसा थाना के रहने वाले संतोष कुमार पुत्र रामनरेश सिंह निवासी वाले का पुरा ने सैनी कोतवाली में बताया कि आज वह पत्नी के साथ प्रयागराज से वाले का पूरा अपने घर आ रहें थे। करीब 12 बजे जैसे ही सयारा पेट्रोल पंप के पास में पहुंचे अज्ञात नकाबपोश तीन व्यक्ति पल्सर मोटरसाइकिल बिना नंबर से पीछे से आए और पल्सर में बैठे अज्ञात व्यक्तियों ने पीड़ित की पत्नी के बैग को खींच लिया जिसमे पीड़ित और पीड़ित की पत्नी का मोबाइल व सोने के दो कंगन 1550 रुपए व कुछ कागजत सहित बैग लेकर फरार हो गए।

बिजली की कटौती से चरवा क्षेत्र की जनता परेशान

कौशाम्बी। बिजली की लगातार कटौती से आम जनता परेशान हो गई है लेकिन उसके बाद बिजली विभाग के अधिकारी बिजली की कटौती में सुधार नहीं कर पा रहे हैं बताया जाता है कि विद्युत पावर हाउस चरवा में अधिकारियों की उदासीनता के चलते योगी आदित्यनाथ के आदेश का पालन नहीं हो रहा है क्षेत्र के दो दर्जन गांवों की पचास हजार से ज्यादा आम जनता बिजली कटौती से प्रतिदिन परेशान है स्थानीय सांसद विधायक भी बिजली कटौती पर जुबान नहीं खोल रहे हैं भाजपा नेताओं ने भी बिजली कटौती पर अधिकारियों की क्लास नहीं लगाई है प्रतिदिन लगभग बार बार लाइट कट रही है रात में और ज्यादा बिजली कटौती होती है जिससे पूरी रात गांव के लोग सो नहीं पाते हैं रविवार की शाम को लगभग 3 घंटे हो रहे हैं अभी तक लाइट नहीं आई चरवा पावर हाउस में उपभोक्ताओं ने फोन किया तो कोई कर्मचारी कह रहा है कि ना पावर हाउस में लाइन है ना ही लाइन आने की कुछ उम्मीद है जेई चरवा बलवंत राम भारतीय फोन नहीं उठा रहा हैं जिससे बिजली की व्यवस्था की सुधार की उम्मीद लोगों को नहीं रह गई है बताया जाता है कि बिजली विभाग के जे ई पावर हाउस छोड़ कर प्रयागराज शहर प्रतिदिन चले जाते हैं और कर्मचारी मनमानी पर उतारू है।

बाईक सवार नहर मे गिरे पिता की मौके पर मौत पुत्र घायल

● घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए

नेवादा कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के एक गांव मे बाईक सवार पिता पुत्र नहर मे गिर गए है हादसे में पिता की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी है और पुत्र घायल है घायल को एम्बुलेंस 108 की मदद से जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है हादसे में मृतक पिता के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी मिलने के बाद परिवार के लोग पहुंच गए हैं और कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक पप्पू दिवाकर पुत्र हीरालाल निवासी जाठी थाना कौशाम्बी अपने बेटे के साथ बाइक से कहीं रिश्तेदारी गया था बताया जाता है कि वह अधिक शराब पिया था पिपरी थाना क्षेत्र के सेंउढ़ा गांव के बाहर पुलिया के पास बाइक सवार पिता पुत्र बाईक के साथ नहर मे जा गिरा जिससे मौके पर पप्पू की दर्दनाक मौत हो गई है हादसे में उनका बेटा घायल बताया जाता है हादसा देखकर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई घायल को एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए हैं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जिला अध्यक्षों को बदलने के पहले भाजपा शीर्ष नेतृत्व को अपने गिराहबान में झांकना होगा

संगठन में खींच तान का नतीजा रहा लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार का कारण, प्रदेश नेतृत्व द्वारा जिला अध्यक्ष के बदले जाने की चर्चा के बाद चुनाव के कार्यकाल की स्थितियां फिर हुई ताजा

अझुवा कौशाम्बी। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों की हार के बाद पार्टी नेतृत्व में जिला अध्यक्षों के बदलने की कवायद शुरू कर दी है जिन जिलों में लोकसभा प्रत्याशियों की हार हुई है उन जिलों को जिलाध्यक्षों को बदलने की सुगबुगाहट प्रदेश नेतृत्व से मिलने के बाद एक बार फिर इस पर चर्चा शुरू हो गई है हालांकि पूरे प्रदेश और देश में भाजपा से लोगों का रुझान इस बार के चुनाव में कम था जो वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में सांसद प्रत्याशियों की हार का कारण बना जिला अध्यक्षों के सिर पर हार का ठीकरा नहीं फोड़ा जा सकता भाजपा शीर्ष नेतृत्व के गलत निर्णय के चलते भाजपा से जनता की दूरी लगातार बढ़ती जा रही थी जिसका खामियाजा भाजपा को लोकसभा चुनाव 2024 में देखने को मिला है। हालांकि कौशांबी लोकसभा सीट की चर्चा करें तो सांसद प्रत्याशी के रूखे व्यवहार और घमंड के चलते जनता ने इन्हें सबक सिखाया है। अस्पताल स्कूल की जमीन कब्जा करना अफसरॉ से मनमानी कार्य लेना लंबे चौड़े फौजी के बीच अपने को देश का सर्वोच्च नेता समझना विरोध करने वाले को दमन करने की सोच रखने के चलते सांसद को कौशांबी में पराजय का मुंह देखना पड़ा है बीते लोकसभा चुनाव और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कोई खास अंतर मतदान के प्रतिशत में नहीं दिखाई पड़ा है जबकि वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की लहर थी एक तरफ पुलवामा अटैक तो दूसरे तरफ 15 लाख मिलने की लालच ने लोगों को भाजपा से नजदीक लाकर खड़ा कर दिया था और 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की लहर पूरे देश से गायब थी यही स्थिति विधानसभा चुनाव 2017 और 2022 की थी 2017 और 2022 के चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा की सरकार देखना चाहती थी लेकिन जिस तरह से भाजपा के कार्यकाल में अफसर गिरी हुई है जगह-जगह पर आम जनता का शोषण हुआ है भ्रष्टाचार चरम पर है केवल अभिलेखों में विकास के दावे किए जा रहे हैं जमीनी हकीकत कुछ और है पार्टी के कुछ नेताओं द्वारा भी सरकार की छवि को लगातार खराब किया जा रहा है जिससे 2027 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा का उत्तरप्रदेश फतेह करना मुश्किल दिखाई पड़ रहा है अब इस हार का ठीकरा जिला नेतृत्व के ऊपर फोड़ना कहां तक ठीक होगा हालांकि भाजपा कौशांबी जिला कमेटी में अंदरूनी खींचतान मचा हुआ है और संगठन के कई नेता लगातार एक दूसरे को नीचा दिखाने पर तुले हुए हैं शीर्ष नेतृत्व द्वारा संगठन में जिला अध्यक्ष को बदले जाने के सुगबुगाहट के बाद कई नेताओ ने खुद को जिला अध्यक्ष बनवाने के लिए एडी चोटी का जोर लगाना शुरू कर दिया है जिला अध्यक्षों को बदलने के पहले भाजपा शीर्ष नेतृत्व को अपने गिराहबान में झांकना होगा आखिर जनता की दूरी लगातार भाजपा से क्यों बन रही है यह गहन मंथन का विषय होगा। जिस भाजपा से जनता लगातार जुड़ती जा रही थी आज भाजपा का जनादेश घटता जा रहा है। शीर्ष नेतृत्व से कहां गलतियां हुई है उसे सुधार करने की जरूरत है झूठ बोलकर राजनीति करने वाले माफियाओं की तरह गनर की फौज लेकर चलने वाले नेताओं अधिकारियों की सूची तैयार कर हकीकत जनता के सामने लाना होगा भ्रष्टाचार अत्याचार अपराध पर अंकुश लगाना होगा झूठ तरीके से केवल कंप्यूटर में शिकायतों को निस्तारण करना बंद करना होगा केवल अभिलेखों में विकास करके वाहवाही लूटने से जनता का दिल नहीं जीता जा सकता है।

बदमाशों ने बाइक सवार दंपति से बैग लूटकर हुए फरार

कौशाम्बी। जिले में बेखौफ बदमाशो ने बाइक सवार दंपत्ति से लूट की घटना को अंजाम दिया है,बदमाश बाइक सवार महिला का बैग लूटकर फरार हो गए, बैग में दो मोबाइल फोन,नगदी और गहने थे, पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी है,पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना कड़ा धाम थाना क्षेत्र के लेहदरी पुल के पास की है जहा कानपुर निवासी नवाज शंकर पटेल पुत्र तीर्थ राज पटेल अपनी पत्नी और दो बच्चो के साथ बाइक से कानपुर जा रहे थे,जैसे ही वह लेहदरी पुल के पास पहुंचे तभी सैनी की तरफ से बाइक सवार बदमाश आए और उन्होंने उसकी पत्नी के बैग को जबरन छीन लिया,लूट की घटना को अंजाम देकर बाइक सवार बदमाश फरार हो गए,पीड़ित दंपत्ति ने इसकी सूचना पुलिस को दी है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। लूट का लोकेशन मिलते ही कोखराज पुलिस चौकस हुई नेशनल मार्ग सैनी कोतवाली के पाछे हुई लूट का लोकेशन मिलने पर कोखराज थानेदार पुलिस बल सहित नेशनल मार्ग पर घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को पकड़ने के लिए तत्पर खड़ी रही लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस को सफलता नहीं मिली है।

हैलो किड्स भरवारी में अभिनंदन समारोह एवम पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन

भरवारी कौशाम्बी। रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल एवम कॉलेज की हैलो किड्स शाखा में पैरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रिद्धि सिद्धि के कर कमलों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

बच्चों ने नृत्य, संगीत, और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों का दिल जीत लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों के रंग-बिरंगे परिधान और उनकी मासूमियत भरी अदाएं मंच पर देखने लायक थीं। विशेष रूप से देशभक्ति गीतों पर किए गए नृत्य और पारंपरिक भारतीय संगीत की धुनों ने माहौल को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों के आत्मविश्वास, उनकी सांस्कृतिक समझ और उनके कौशल को निखारने का प्रयास किया गया, जिसने हर किसी को बेहद प्रभावित किया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों के लिए खास

गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने उत्साह पूर्वक भाग लिया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के बाद विजयी अभिभावकों को सुपरमॉम और सुपरडैड की उपाधि दी गई, जो इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था।सुपरडैड अमित केसरवानी को बनाया गया एवं सुपरमॉम शेफाली खान को बनाया गया।संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक संजय कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे हमेशा नई चीजें सीखने के लिए तैयार रहते हैं और उनके इस उत्साह को सही दिशा देना शिक्षक और अभिभावकों का कर्तव्य है। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश भी दिया कि बच्चों को जीवन में विविध कलाओं और ज्ञान का अनुभव कराना उनकी समग्र शिक्षा का हिस्सा होना चाहिए।

इस दौरान छात्रों के लिए विशेष पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया गया। नर्सरी में प्रथम स्थान दक्ष वर्मा द्वितीय स्थान सुदीक्षा सिंह और तृतीय स्थान मोहम्मद असर को दिया गया। जूनियर केजी में प्रथम स्थान सूर्यांश

शुक्ला और शिवाय केसरवानी, द्वितीय स्थान वामिका वर्मा एवं तृतीय स्थान शुभम जायसवाल को मिला। सीनियर केजी सेक्शन ए में प्रथम स्थान अविरल द्वितीय स्थान आराध्य और तृतीय स्थान देवांश को मिला। सीनियर केजी सेक्शन बी में प्रथम स्थान श्रुति , द्वितीय स्थान अर्शिया और तृतीय स्थान अरनव को मिला।संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने सभी अभिभावकों को आश्वासन दिया कि हम निरंतर बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं चारित्रिक विकास के लिए तत्पर रहते हैं। हैलो किड्स शाखा में यह आयोजन बच्चों और अभिभावकों दोनों के लिए यादगार बना, जिसमें बच्चों ने अपनी मासूमियत भरी प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया और अभिभावकों ने भी बच्चों के साथ मिलकर कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन कोऑर्डिनेटर नितेश जी द्वारा किया गया। इस दौरान केपीएस भीटी प्रिंसिपल रमेश मधुबन सौरभ सिंह सना, माही, अनामिका, दिव्या आदि शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

हरियाणा के विधानसभा चुनाव के लिये केवल एक माह का समय बचा

ऐसे में जब हरियाणा के विधानसभा चुनाव के लिये केवल एक माह का समय बचा हुआ है, सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी की मुश्किलें बढ़ चली हैं। 90 सीटों वाली विधानसभा में जैसे ही भाजपा ने अपने 67 उम्मीदवारों की सूची जारी की, कई नेताओं के इस्तीफों की झड़ी लग गयी। इनमें कुछ वर्तमान विधायक हैं, तो कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने टिकट न मिलने के कारण त्यागपत्र दे दिये हैं। पहले से कमजोर चल रही भाजपा को इनकी नाराजगी महंगी पड़ सकती है, खासकर कांग्रेस की बढ़ती ताकत के बरक्स। रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा तो दिया ही है, देश की सबसे अधिक धनी महिलाओं की सूची में कई मर्तबा शीर्ष पर रहने वाली सावित्री जिंदल ने हिसार विधानसभा सीट पर निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर संगठन को मुश्किल में डाल दिया है। उधर दूसरी तरफ हरियाणा में कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने के लिये इच्छुक लोगों की लम्बी फेहरिस्त है। सम्भवतः यहां कांग्रेस का आम आदमी पार्टी से गठबन्धन हो सकता है। एक ओर इंडिया की मजबूती तो दूसरी तरफ भाजपा में मचा घमासान चौंकाने वाले नतीजे दे सकता है।

5 अक्टूबर को होने जा रहे मतदान के लिये भाजपा ने 9 विधायकों की टिकटें काटी हैं और खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लाडवा सीट से उतार दिया है जबकि वे करनाल के विधायक हैं। यह सीट कुरुक्षेत्र के अंतर्गत आती है जहां से सावित्री जिंदल के पुत्र नवीन जिंदल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे और सांसद बने हैं। बड़ी बात नहीं कि खुद सैनी की राह वहां कठिन हो सकती है। पूर्व मंत्री करण देव कांबोज ने भी टिकट न मिलने के कारण पार्टी के अलविदा कह दिया है। वे रादौर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ते रहे हैं परन्तु इस बार भाजपा ने इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) से केवल तीन दिन पहले आये श्याम सिंह राणा को उतार दिया है जिससे कांबोज नाराज हैं। इतना ही नहीं, मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने भी टिकट न मिलने के कारण पार्टी की सदस्यता छोड़ दी है। हालांकि सैनी को विश्वास है कि इन सभी को मना लिया जायेगा। वे सभी को पार्टी के मजबूत नेता मानते हैं। दूसरी तरफ सावित्री जिंदल ने तो साफ कह दिया है कि यह उनका आखिरी चुनाव है और वे कोई भाजपा की सदस्य भी नहीं हैं जो भाजपा नेतृत्व के हिसाब से चलेंगी। उन्होंने साफ किया कि वे जनता की इच्छा पर चुनाव लड़ने जा रही हैं।

भाजपा की परेशानी यह भी है कि वहां जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) से उसका गठबन्धन पहले ही टूट चुका है और वहां एनडीए जैसी कोई चीज रह ही नहीं गयी है। ऐसे में अगर टिकट बंटवारे को लेकर पहले से ही ऐसी भगदड़ मच गयी है तो उसके प्रदर्शन पर विपरीत असर पड़ना लाजिमी है। इसके विपरीत कांग्रेस पूरा प्रयास कर रही है कि उसका आप के साथ गठबन्धन हो जाये ।

एजी नूरानी: एक उद्भट विद्वान की विदाई

- अरुण कुमार त्रिपाठी

नूरानी ने आपातकाल के दौरान जेल से संघ के नेताओं द्वारा इंदिरा गांधी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एसबी चव्हाण और विनोबा भावे को लिखे गए पत्रों का विस्तार से जिक्र किया है। छह महीने में दस पत्र लिखे गए और सारी कोशिश संघ से पाबंदी हटवाने और संघ के नेताओं को रिहा कराने की थी। इस बात से जेपी भी असहज होने लगे थे। पूना से प्रकाशित संघ का पत्र 'तरुण भारत' लगातार संजय गांधी की प्रशंसा कर रहा था और उनकी चिंता यह थी कि 'बीस सूत्री कार्यक्रम' लागू करने के लिए वे संघ जैसे संगठन का उपयोग क्यों नहीं कर रहे हैं।

अब्दुल गफ्फूर अब्दुल मजीद नूरानी (1930-2024) ने जाते-जाते देश को यह संदेश दे दिया था कि 'राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ' (आरएसएस) भारत के लिए खतरा है। 'आरएसएस :अ मिनेस टू इंडिया' उनकी आखिरी महत्त्वपूर्ण पुस्तक थी। लंबे 93 साल गुजारकर पिछले गुरुवार (29 अगस्त) को उन्होंने हमसे सदा के लिए विदा ली। चार साल पहले यानी जब वे 89 साल के थे तब उनका यह आखिरी महत्त्वपूर्ण कार्य 'लेफ्टवर्ड बुक्स' ने प्रकाशित किया था।

वैसे तो उन्होंने विपुल लेखन किया है और इतिहास और तात्कालिक संवैधानिक सवालों पर उनकी कम-से-कम 15 महत्वपूर्ण पुस्तकें हैं, लेकिन जो पुस्तक भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है और जिसकी उपेक्षा भारतीय पाठकों और नागरिकों को महंगी पड़ सकती है वह यही पुस्तक है। पांच सौ पृष्ठों और 25 अध्यायों वाली इस पुस्तक के अंत में तकरीबन सौ पृष्ठों का परिशिष्ट है। संदर्भ सूची में 'हिंदू राष्ट्रवाद' से संबंधित तब तक प्रकाशित शायद की कोई पुस्तक छूटी हो।

'आरएसएस :अ मिनेस टू इंडिया' समेत उनकी करीब दो दर्जन पुस्तकें हैं। निश्चित तौर पर इन पुस्तकों में बहुत सारे तथ्य और विचारों का दोहराव हुआ होगा, लेकिन एक बात साफ है कि बांबे हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जमकर वकालत करने वाले एजी नूरानी का इतना अनथक, तथ्यपूर्ण और शोधपरक लेखन इस बात का प्रमाण है कि वे लोकतंत्र और भारत के विचार के प्रति गहरा प्रेम रखते थे और वकालत और लेखन दोनों माध्यमों से अपनी अधिकतम भूमिका निभाने को तत्पर रहते थे। कोई कह सकता है कि वे इतना लंबा जिए, इसीलिए इतना लिख पाए।

'आरएसएस :अ मिनेस टू इंडिया' का पहला अध्याय कहता है कि निस्संदेह 'आरएसएस' आज भारत का सर्वाधिक शक्तिशाली संगठन है। उसके पास अपनी निजी सेना है, जो बिना कोई सवाल पूछे अपने नेता के आदेश का पालन करती है और उनका नेता फ्यूहरर के सिद्धांत पर फासीवादी ढर्रे पर काम करता है। पुस्तक कहती है कि 'आरएसएस' भारत के अतीत से युद्धरत है। वह भारत के तीन महान निमार्ताओं को बौना करने में लगा रहता है : अशोक, जो कि बौद्ध थे, अकबर, जो कि मुस्लिम थे और नेहरू, जो कि एक सभ्य और प्रबुद्ध हिंदू थे। वह भारत की सदियों में हासिल की गई उन उपलब्धियों को धो देना चाहता है जिनके लिए दुनिया भारत की सराहना करती है और उसकी जगह पर अपनी संकीर्ण विचारधारा कायम कर देना चाहता है।

'आरएसएस' देश के लिए कैसे खतरा पैदा कर सकता है इस बारे में उन्होंने पुस्तक की भूमिका में पंडित जवाहर लाल नेहरू का एक किस्सा सुनाया है। येजदी गुंडेविया भारत के विदेश सचिव थे और वे हर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नेहरू के साथ अपने अधिकारियों की एक बैठक आयोजित करते थे। उस बैठक में पंडित नेहरू से अफसर सवाल करते थे। एक दिन किसी ने कोई सवाल नहीं किया तो विदेश सचिव महोदय ने स्वयं अपनी शंका सामने रखी। बातचीत के क्रम में उन्होंने कहा कि सर, अभी तो कांग्रेस सत्ता में है और वही बार-बार आती जा रही है। वह जो नीतियां बनाती है उसे हम अफसर लागू करते हैं, लेकिन अगर कल को कम्युनिस्ट सत्ता में आ गए तो क्या होगा?

नेहरू ने थोड़ी देर सोचा और फिर बोले - 'कम्युनिस्ट, कम्युनिस्ट, कम्युनिस्ट! आखिर ऐसा क्या है जो कम्युनिस्ट कर

सकते हैं और हम नहीं कर सकते और ऐसा क्या है जो हमने किया नहीं है? आप ऐसा क्यों सोचते हैं कि कम्युनिस्ट इस देश में केंद्र में सत्ता में आएंगे?' उसके बाद नेहरू कुछ समय खामोश रहे और फिर धीरे से कहा, 'ध्यान रखिए भारत के लिए खतरा साम्यवाद नहीं है। वास्तव में खतरा दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता से है।'

नेहरू के इस मसीहाई कथन का उल्लेख करते हुए नूरानी लिखते हैं, 'उसके बाद से जहर काफी फैल चुका है, लेकिन जो शक्तियां इस जहर को फैला रही हैं वे अजेय नहीं हैं। वे हराई जा सकती हैं, अगर उनका विरोध करने वाली ताकतें तैयार हों और हर स्तर पर चुनौती का मुकाबला करने लिए सुसज्जित रहें। यह तैयारी सिर्फ वैचारिक स्तर पर ही नहीं होनी चाहिए, हालांकि उस स्तर पर भी मुकाबला करने को बहुत कम लोग तैयार रहते हैं, लेकिन, अगर रणभेरी की आवाज ही साफ नहीं है तो अपने को युद्ध के लिए कौन तैयार करेगा?' नूरानी लिखते हैं कि 'जो चीज दांव पर लगी है वह महज भारतीय स्वप्न नहीं है, बल्कि वह भारत की आत्मा है।'

इस पुस्तक का 14 वां अध्याय 'द आरएसएस, इमरजेंसी एंड द जनता पार्टी' शीर्षक से है और आज जब भाजपा आपातकाल का स्मरण करते हुए संसद में निंदा प्रस्ताव पारित कर रही है तब इस अध्याय को विशेष तौर पर पढ़ा जाना चाहिए। संघ के लोगों ने किस प्रकार जेल से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को पत्र लिखे और बाद में किस प्रकार दोहरी सदस्यता के सवाल और 'आरएसएस' के चरित्र को बदलने के जयप्रकाश नारायण के आग्रह पर उन्हें धोखा दिया, ये सारे ऐतिहासिक तथ्य आज की युवा पीढ़ी को ज्ञात होने चाहिए।

जयप्रकाश जी को यह लगने लगा था कि उन्होंने आंदोलन में संघ को लाकर और उनके लोगों को मुस्लिम युवाओं के साथ काम करने का मौका देकर सेक्यूलर बनाया है। तभी जनसंघ के अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी ने उन्हें दिल्ली में अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया और जेपी ने 7 मार्च 1975 को अपना सर्वाधिक विवादास्पद भाषण दिया जिसमें उन्होंने कहा था - 'अगर जनसंघ फासीवादी है, तो जयप्रकाश नारायण भी फासीवादी है।'

नूरानी ने आपातकाल के दौरान जेल से संघ के नेताओं द्वारा इंदिरा गांधी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एसबी चव्हाण और विनोबा भावे को लिखे गए पत्रों का विस्तार से जिक्र किया है। छह महीने में दस पत्र लिखे गए और सारी कोशिश संघ से पाबंदी हटवाने और संघ के नेताओं को रिहा कराने की थी। इस बात से जेपी भी असहज होने लगे थे। पूना से प्रकाशित संघ का पत्र 'तरुण भारत' लगातार संजय गांधी की प्रशंसा कर रहा था और उनकी चिंता यह थी कि 'बीस सूत्री कार्यक्रम' लागू करने के लिए वे संघ जैसे संगठन का उपयोग क्यों नहीं कर रहे हैं।

संघ के नेताओं की इन हरकतों का जेल में बंद समाजवादी नेताओं ने विरोध किया। उन्होंने बार-बार समझाया कि इस तरह डरना और समझौता करना ठीक नहीं है। ऐसे नेताओं में बाबा अढ़ाव और एसएम जोशी का नाम महत्वपूर्ण है। बाबा अढ़ाव ने 'आरएसएस' की समझौतावादी नीतियों के बारे में काफी लिखा है। नूरानी ने उसका विस्तृत वर्णन पुस्तक में किया है। उन्होंने मधु लिमए के लेखन का भी पर्याप्त इस्तेमाल किया है। आपातकाल हटने के बाद 'जनता पार्टी' बनी और उसके शपथ-पत्र में था कि जनसंघ के लोग अगर पार्टी में आएंगे तो किसी और संगठन के सदस्य नहीं रहेंगे। उन्होंने शपथ-पत्र तो भरा, लेकिन उसका पालन नहीं किया। 13 सितंबर 1977 को जेपी ने एक बयान दिया जिसमें उन्होंने उम्मीद जताई कि 'आरएसएस' के लोग अब 'हिंदू राष्ट्र' का सिद्धांत छोड़ देंगे, सेक्यूलर धारणा को अपनाएंगे और देश के अन्य समुदायों को गले लगाएंगे। 'आरएसएस' के तत्कालीन महासचिव माधव राव मुले ने जेपी को जो जवाब दिया उससे जेपी ठगे से रह गए। उनका कहना था कि हम लोग शायद एक दूसरे के विचारों को समझ नहीं पाए हैं।

वह लंबा पत्र जेपी को काफी नाराज कर गया और उन्होंने कहा कि 'आरएसएस' से निपटने के लिए कोई कानून होना चाहिए। 'मैं किसी कानूनी कार्रवाई के विरुद्ध हूं, लेकिन अगर जरूरी हो तो वैसा होना चाहिए।' जेपी ने साफ कहा कि या तो 'आरएसएस' दूसरे समुदायों के लिए अपने दरवाजे खोले या फिर अपना काम बंद करे।

मिट्टी के घर पर्यावरण के अनुकूल होते हैं

- बाबा मायाराम

बसंत फुटाणे ने बताया कि मिट्टी के घर का नियोजन करते समय बढ़ई/ सुतार (लकड़ी का ढांचा तैयार करने में) की अहम् भूमिका होती है। छत का भार या वजन दीवार पर नहीं, बल्कि लकड़ी के खम्बों पर रखा जाता है। मिट्टी के मकान के लिए नीम की लकड़ी सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। उसमें दीमक लगने की संभावना बहुत ही कम होती है।

आजकल जब भी घर बनाने की बात आती है, तो पक्के सीमेंट-कंक्रीट के घर का ख्याल आता है। लेकिन बहुत पुरानी बात नहीं है, जब लोग मिट्टी के घर बनाते थे, जिन्हें पक्के घरों की तुलना में बनाना सस्ता व सरल था। आसपास की सामग्री से ही घर बनते थे। अब भी दूरदराज के इलाकों में मिट्टी के घर बनाए जाते हैं। इस कॉलम में मिट्टी के घरों को बढ़ावा देने वाले और खुद मिट्टी के घर में रहने वाले एक सामाजिक कार्यकर्ता का अनुभव साझा करना उचित होगा, जिससे मिट्टी के घरों का महत्व समझ आ सके।

बसंत फुटाणे, महाराष्ट्र के किसान और गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वे अमरावती जिले के रवाला गांव में रहते हैं। और वहां वे पुश्तैनी जमीन में प्राकृतिक खेती करते हैं। उनके खेत में आम, संतरे, नींबू और अमरूद का बगीचा है। वहां हरा-भरा वातावरण है। खेत में ही उनका मिट्टी का घर है। उन्होंने दो मंजिला मिट्टी का मकान बनाया है और उसमें दो दशकों से अधिक समय से सपरिवार रहते हैं।

बसंत फुटाणे ने बतलाया कि वे चार दशक पहले से प्रयोगात्मक तौर पर खेत में अलग-अलग प्रकार के मिट्टी के घर बनाते रहे हैं। उन्होंने मिट्टी के घर बनाने के बारे में किताबों से सीखा है। इसके लिए उन्होंने मशहूर वास्तुशास्त्री लॉरी बेकर की किताबों को पढ़ा है। लॉरी बेकर गांधी से प्रभावित थे।

वे आगे बताते हैं कि मिट्टी के घर करीब 200 साल तक रह सकते हैं। इनमें पीढ़ी दर पीढ़ी लोग रह सकते हैं। इनके टूटने के बाद भी इनकी सामग्री पुनः इस्तेमाल की जा सकती है। दूसरी तरफ कंक्रीट-सीमेंट के घरों की उम्र करीब 50 साल की होती है। उनके मलबे के निपटान की लागत भी चिंता का विषय है। उसमें भी बहुत ऊर्जा (डीजल) लगती है। सीमेंट और गिट्टी बनाने के लिए हर साल पहाड़ों को नष्ट किया जा रहा है, उन्हें तोड़ा जा रहा है। अगर हम यह कल्पना करें कि देश के सभी घर सीमेंट-कंक्रीट में परिवर्तित हो जाएं तो इसकी आर्थिक व पारिस्थितिकीय कीमत क्या होगी?

वे आगे बताते हैं कि कुछ लोग सोचते हैं कि अच्छे और टिकाऊ मकान लोहे के सरिया, सीमेंट-कंक्रीट और पक्की ईंटों के बगैर नहीं बन सकते। परंतु लोहे और सीमेंट के उत्पादन में बहुत सारी ऊर्जा खर्च होती है। इसका मतलब यह है कि लोहे और सीमेंट के उत्पादन और ढुलाई में बहुत सारा ईंधन खर्च होता है। यह घर सीमेंट, स्टील, कंक्रीट, ईंटों और इमारती लकड़ी तक ही सीमित नहीं है। इस सूची में कांच, अल्युमिनियम, एस्बेस्टॉस और जस्ता चढ़ी लोहे की चादरें भी चाहिए। जबकि मिट्टी, निर्माण स्थल के एकदम करीब ही मिल जाती है। और मानव श्रम के अलावा, इसमें कोई ऊर्जा भी खर्च नहीं होती।

बसंत फुटाणे ने बताया कि मिट्टी के घर का नियोजन करते समय बढ़ई/ सुतार (लकड़ी का ढांचा तैयार करने में) की अहम् भूमिका होती है। छत का भार या वजन दीवार पर नहीं, बल्कि लकड़ी के खम्बों पर रखा जाता है। मिट्टी के मकान के लिए नीम की लकड़ी सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। उसमें दीमक लगने की संभावना बहुत ही कम होती है।

उनके बेटे विनय फुटाणे ने बतलाया कि वर्ष 1991 में मूसलाधार वर्षा के कारण बाढ़ आई थी, तब मोवाड़ गांव पूरा ही बह गया था, अन्य गांवों में भी नदी किनारे के मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे। उस बाढ़ में जिन मकानों की छत बह गईं और दीवार खड़ी रह गई थी। वहां के टूटे-फूटे मकानों की मिट्टी हम नए घर बनाने के लिए लेकर आए। इस मिट्टी को मकान में लगाने के लिए तैयार करना पड़ता है। पहले उसे भिगोना पड़ता है और फिर उसमें गोबर, रेशा और बेल का गूदा, अलसी का भूसा आदि मिलाया जाता है। इससे मिट्टी मजबूत होती है और उसमें दरारें नहीं पड़ती हैं। इस मिट्टी से घर की दीवारें खड़ी की जाती हैं।

वे आगे बताते हैं कि उनके मकान की अंदरवाली दीवार 30 इंच की है। जबकि बाहरवाली दीवार की चौड़ाई 24 इंच रखी गई है। अंदरवाली दीवार पर ही दूसरी मंजिल का भार रखा है, इसलिए वह चौड़ी रखी गई है। दीवारें तो खड़ी हो गईं पर हमें सुतार बहुत देर से मिला। एक कारीगर धोन्डू मालक और दूसरा कोलमकर, इन दोनों का मकान निर्माण में बड़ा योगदान रहा है। इनके पास घर बनाने का पारंपरिक ज्ञान और कौशल था। उन्होंने खेत में घूमकर पेड़ों की लकड़ियों को देखा, उनकी पहचान की। कौन सी लकड़ी किस काम आएगी, इसका अनुमान लगाया और काम शुरू किया।

बसंत फुटाणे ने बतलाया कि कोलमकर ने सबसे पहले बैलगाड़ी, हल और टूटे फर्नीचर की खराब लकड़ियों को एकत्र किया। उससे खिड़कियों के किवाड़, अलमारी, छतों को आपस में जोड़ने की पट्टियां बनाईं। वे लकड़ी के आकार को देखते थे और फिर उसे काटते, और नया आकार देते थे। जब भी मेरी पत्नी उनको यह कहती थी कि यह लकड़ी बेकार है, तब वे जवाब देते थे यह काम की है, बेकार नहीं है। कोलमकर ने मकान में कई पेड़ों की लकड़ियां का इस्तेमाल किया। आम, नीम, सागवान, सिवन, बबूल, किनी, नीलगिरी इत्यादि। आमतौर पर सागौन की लकड़ी को मकान बनाने के लिए सबसे अच्छा माना जाता है, पर सुतार ने बताया कि बेल की लकड़ी भी श्रेष्ठ होती है। बांस की लकड़ी का उपयोग भी किया जा सकता है।

विनय भाई ने बताया कि इसके बाद हमें तीन सप्ताह दीवारों पर मिट्टी का पलस्तर करने में लगे। इसके लिए मिट्टी को तैयार करना पड़ता है। 8 दिन तक पानी डालकर मिट्टी मलना पड़ता था। गाय-बैल उस मिट्टी को पैरों से रौंदते थे। दीवार बनाने के लिए 3 दिन में और पलस्तर करने में 8 दिन में मिट्टी तैयार होती थी। जितनी जरूरत होती है, उतना अतिरिक्त चूना मिलाया जाता था, जिससे दीवारों को पानी की बौछारों से बचाया जा सके।

ग्रामीण मिस्त्री धोन्डू मालक ने मिट्टी की चिनाई के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि ऐसी माटी, जो चूना मिश्रित हो, पानी और दीमक से बचाव करती है। यह मिट्टी अलग-अलग तरह से परिष्कृत करके इस्तेमाल की जाती है। घर के फर्श के लिए ऐसी मिट्टी उपयोगी मानी जाती है। इस मिट्टी की तीन-चार इंच मोटी परत बिछाकर, थोड़ा सूखने के बाद, इस फर्श की अच्छी तरह से कुटाई की गई। उसे चिकना करने के लिए घिसाई की गई। सूखने पर गोबर से उसकी लिपाई की गई। हवा की दिशा की ओर मकान की खिड़कियां रखी गई हैं, जिससे पंखे की जरूरत नहीं पड़ती है।

वर्ष 2000 में मिट्टी का मकान बनकर तैयार हुआ। यह दोमंजिला घर है। इसमें 6 कमरे हैं, रसोईघर है, और बीच में दो कमरे हैं, एक लम्बा बरामदा है। संडास और गुसलखाना है। आंगन है और हरे-भरे पेड़ों का परिसर है। एक तालाब भी है। गाय-बैल हैं। फुटाणे परिवार की भोजन-पानी,सब्जी और दूध की दैनंदिन जरूरतें खेत से ही पूरी हो जाती हैं।

इसी प्रकार, मिट्टी के घर बनाने की पहल कई स्थानों पर हो रही है। गुजरात के कच्छ में हुनरशाला नामक संस्था ने वहां वर्ष 2001 के भूकंप आने के बाद नई तकनीक से घर बनाने शुरू किए हैं। इसके स्थानीय कारीगर, इंजीनियर, वास्तुकार, शोधकर्ता सब एक साथ आए और पारंपरिक व आधुनिक विज्ञान निर्माण के संयुक्त ज्ञान से मकान बनाए। यह घर स्थानीय सामग्री से बनाए गए हैं, जो कई मायनों में टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल और आपदाओं से सुरक्षित हैं।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि फुटाणे परिवार ने हवादार व खुला मिट्टी का घर बनाया है जिसमें अच्छे से रहा जा सके, अच्छे से सांस ली जा सके। घर की मोटी दीवारें ज्यादा गरमी व ठंडी से बचाती हैं। इससे घर गरमी में ठंडा और ठंडी में गरम होता है। सीमेंट- कंक्रीट के घरों के टाइल्स में पैर ठंडे होते हैं, जोड़ों में दर्द होता है। मिट्टी के घरों में यह समस्या बिल्कुल नहीं है, और घर में चप्पल की जरूरत नहीं होती। ऐसे घरों की अधिकांश चीजें फिर से इस्तेमाल की जा सकती हैं। मकान निर्माण में पारंपरिक ज्ञान से काफी कुछ सीखा जा सकता है। इस तरह की पहल कई और भी स्थानों पर चल रही हैं। जलवायु परिवर्तन के दौर में मिट्टी के घर बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाते हैं। ऐसे घरों को देखकर गांधीजी का प्रसिद्ध कथन याद आता है कि किसी आदर्श गांव में निर्माण की सभी सामग्री वहां से पांच मील की दूरी के अंदर से ही आनी चाहिए।

असम के मुख्यमंत्री ने मुसलमानों को निशाना बनाने की सारी हदें पार की

- पी. सुधीर

मुख्यमंत्री के संवैधानिक पद पर रहते हुए हिमंतशर्मा ने सभी संवैधानिक मानदंडों का उल्लंघन किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में ली गयी शपथ - 'मैं संविधान और कानून के अनुसार पक्षपात, स्नेह या द्वेष के डर के बिना सभी तरह के लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करूंगा' - का बेशर्मी से उल्लंघन किया है। विधानसभा के बाहर और अंदर दोनों जगह मुख्यमंत्री के बयान इस शपथ का उल्लंघन करते रहे हैं। उन्होंने राजनीतिक और संवैधानिक नैतिकता को रौंदकर एक शर्मनाक रिकॉर्ड बनाया है।

विभिन्न समुदायों के बीच बढ़ते तनाव और कुछ घटनाओं का इस्तेमाल लोगों को सांप्रदायिक और अंधराष्ट्रवादी आधार पर बांटने के लिए किये जाने के कारण असम में स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। मौजूदा हालात के लिए मुख्यमंत्री हिमंतविश्व शर्मा और भाजपा के नेतृत्व वाली उनकी सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। भाजपा नेता हिमंत ने मुसलमानों को निशाना बनाने के अपने अभियान और 'स्वदेशी बनाम बाहरी' के विभाजनकारी बयानबाजी में सारी हदें पार कर दी हैं।

धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े लोगों के खिलाफ कुछ बेबुनियाद आरोप लगाये बिना हिमंत विश्व शर्मा का एक दिन भी नहीं बीतता, जिन्हें वे 'बाहरी' कहते हैं। विभाजनकारी राजनीति और भड़काऊ भाषणों के उनके जानबूझकर इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति ने लोगों के एक वर्ग को हिंसा का माहौल बनाने और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने के लिए उकसाया है। यौन उत्पीड़न के दो मामलों से निपटने के तरीके से यह स्पष्ट है।

शिवसागर शहर में मारवाड़ी व्यवसायी समुदाय से जुड़े दो लोगों द्वारा सत्रह वर्षीय लड़की पर हमला करने के बाद कुछ संगठनों ने 'बाहरी लोगों' के खिलाफ धमकी जारी की। इसमें शामिल अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने के बजाय, पूरे मारवाड़ी समुदाय को इस अपराध के लिए दोषी ठहराया गया। यह ऊपरी असम में गैर-असमिया व्यापारियों के खिलाफ एक बड़े विरोध प्रदर्शन में बदल गया और राज्य के कैबिनेट मंत्री और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में शिवसागर शहर में समुदाय के प्रतिनिधियों को घुटने टेकने और माफी मांगने के लिए मजबूर करने के साथ समाप्त हुआ।

एक और अधिक गंभीर घटना जो हुई वह नगांव जिले में तीन कथित मुस्लिम युवकों द्वारा चौदह वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार की थी। इस घटना के खिलाफ आक्रोश पूर्वी बंगाल (अब बांगलादेश) मूल के मुसलमानों के खिलाफ हो गया, जिन्हें अपमानजनक रूप से 'मिया' कहा जाता है। आरएसएस और भाजपा समर्थित कुछ संगठनों ने 'मिया' समुदाय को धमकाया और उन्हें ऊपरी असम छोड़ने के लिए कहा। 'मिया' समुदाय के निर्माण श्रमिकों की बेरहमी से पिटाई की घटना के बाद, हजारों बंगाली भाषी मुसलमानों को ऊपरी असम के जिलों से भागना पड़ा।

मुख्यमंत्री हिमंतविश्व शर्मा ने विधानसभा में कहा कि वह पक्ष लेंगे और 'मिया' मुसलमानों को 'असम पर कब्जा नहीं करने देंगे'। मुख्यमंत्री शर्मा ने सभी मोर्चों पर अपनी विफलता को छिपाने के लिए बड़े पैमाने पर मुस्लिमों को भड़काने का अभियान चलाया है। यह राज्य में महिलाओं की सुरक्षा करने में बुरी तरह विफल रही है और बलात्कार और हिंसा की भयावह घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

छह पिछड़े समुदायों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग अभी भी अनसुलझी है। मार्च 1971 सेअसम में रहने वाले भूमिहीन लोगों को भूमि के संरक्षण और वितरण की मांग दशकों से पूरी तरह से उपेक्षित है। सरकार ने बाढ़ और कटाव की भयावह समस्याओं को दूर करने के लिए बहुत कम काम किया है। बेरोजगारी के आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं।

इसी पृष्ठभूमि में शर्मा और भाजपा सरकार ने बेशर्मी से सांप्रदायिक अभियान चलाया है। हालांकि महिलाओं के खिलाफ अपराध समेत अपराधों की बाढ़ लगभग सभी समुदायों के लोगों द्वारा की गयी, लेकिन केवल मुसलमानों को ही अपराधी करार दिया जा रहा है। यहां तक कि राजधानी गुवाहाटी में कृत्रिम बाढ़ की समस्याओं को छिपाने के लिए हिमंतशर्मा ने बाढ़ जिहाद शब्द भी गढ़ा था।

मुख्यमंत्री के संवैधानिक पद पर रहते हुए हिमंतशर्मा ने सभी संवैधानिक मानदंडों का उल्लंघन किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में ली गयी शपथ - 'मैं संविधान और कानून के अनुसार पक्षपात, स्नेह या द्वेष के डर के बिना सभी तरह के लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करूंगा' - का बेशर्मी से उल्लंघन किया है। विधानसभा के बाहर और अंदर दोनों जगह मुख्यमंत्री के बयान इस शपथ का उल्लंघन करते रहे हैं। उन्होंने राजनीतिक और संवैधानिक नैतिकता को रौंदकर एक शर्मनाक रिकॉर्ड बनाया है।

मानिकपुर कस्बे में पेयजल आपूर्ति ठप, पानी को मचा हाहाकार

मानिकपुर/चित्रकूट। मानिकपुर कस्बे के इंद्रानगर समेत कई मोहल्लों में एक सप्ताह से पानी की आपूर्ति ठप होने से नगरवासी बूंद-बूंद पानी को परेशान हैं। पानी के लिए मोहल्लेवासी इधर-उधर भटक रहे हैं। रविवार को मानिकपुर कस्बे के इन्द्रानगर मोहल्ला समेत कई मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति ठप होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नगरवासियों ने बताया कि अधिकारी शिकायतों का संज्ञान नहीं ले रहे। नगरवासी बूंद-बूंद पानी को इधर-उधर भटक रहे हैं। जलकल विभाग के अवर अभियंता से संपर्क किया तो बताया कि विद्युत रोस्टिंग से पेयजल आपूर्ति बाधित है। विद्युत विभाग के अधिकारियों से रोस्टिंग बाबत बात की गई तो कहा कि ऊपर से आदेश मिलने पर रोस्टिंग का सिलसिला थमेगा। जिलाधिकारी को भेजे पत्र में पेयजल समस्या समाधान की मांग की गई है।

मंगेश को गोली से उडा देने पर बिफरे राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप

घटना को जातीय रंग दे रहे अखिलेश

अखंड भारत संदेश

पत्रकारों से बात करते राज्यमंत्री।

चित्रकूट। सूबे के राज्यमंत्री/जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सुलतानपुर जिले में मंगेश यादव की मुठभेड के नाम पर सीधे गोली से उडा देने के मामले पर सपा मुखिया अखिलेश यादव पर राज्यमंत्री विफर पडे। सपा मुखिया अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहा कि वे हर घटना को जातीय रंग देने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन में अपराधियों के मन में कानून का खौफ है। प्रदेश में कानून का शासन स्थापित हुआ है।

रविवार को राज्यमंत्री कश्यप ने कहा कि कोई अपराधी जनता व आम नागरिकों पर हमला करेगा तो पुलिस फूल नहीं बरसायेगी, उचित कार्रवाई करेगी। सपा मुखिया पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें अपने कालखंड की याद आ रही है। उन्होंने प्रदेश को दंगों की आग में झोंक दिया था। अपराधियों को खुला छोड़ दिया था। अब ऐसा नहीं होगा, योगी की सरकार है। कानून का राज है। अपराधियों पर कडे कदम उठाये जा रहे हैं। अपर्णा यादव की नाराजगी पर बोले कि परिवार की बात है। कुछ मुद्दों पर शिकवा-शिकायत हो सकती है। अपर्णा समझदार हैं, पार्टी के लोग बात कर रहे हैं। उन्हें यकीन है कि वे पार्टी की मजबूती को काम करेंगे। छोटे-मोटे गिले-शिकवे जल्द दूर हो जायेंगे। विनेश फोगाट के कांग्रेस से टिकट मिलने पर कहा कि उनके सांसद पर यौन शोषण का आरोप लगाकर विरोध कर रही थी। उन्हें शक था कि कांग्रेस पर्दे के पीछे से समर्थन कर रही थी। अब जब कांग्रेस से टिकट मिल गया है तो वह खिलाड़ी कांग्रेस की गोद में बैठकर इंजॉय कर रहे हैं। पहले हमारी सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रही थी। अब असली चेहरा सामने आ गया है।

पुलिस की लापरवाही: थाने से सौ मीटर दूर मिला किशोरी का शव

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भरतकूप थाने के अकबरपुर में दिल दहला देने वाली घटना प्रकाश में आई है। थाने से महज सौ मीटर दूर एक किशोरी का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी है। पुलिस ने हत्या की आशंका जताते हुए जांच शुरू कर दी है।

शनिवार की देर रात अकबरपुर गांव के मुकेश आदिवासी की 16 वर्षीय पुत्री काजल सात दिनों से लापता थी। परिजनों ने थाने में सूचना नहीं दी। रात में शव मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। कपड़ों से शव की शिनाख्त काजल के रूप में की। शव को जंगली जानवरों ने बुरी तरह नोच लिया था। सिर्फ हड्डियां बची थीं। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर हत्या की हकीकत खुलेगी। स्थानीय लोग व काजल के परिजन मानते हैं कि ये हत्या हो सकती है। पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची। घटना से क्षेत्र में दहशत है। लोग सवाल का जवाब चाहते हैं कि आखिर काजल के साथ क्या हुआ। थाने से महज सौ मीटर दूरी पर शव का मिलना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खडे कर रहा है। लोग पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं।

सात दिनों से थी लापता

मृतका के कपडे।

प्रभारी मंत्री ने खोह अस्पताल का निरीक्षण कर दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

अस्पताल का निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री।

चित्रकूट। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने एमसीएच विंग खोह अस्पताल का निरीक्षण कर ऑडिटोरियम का लोकार्पण किया।

शनिवार को देर शाम जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने एमसीएच विंग खोह अस्पताल निरीक्षण दौरान अधीक्षक डॉ भास्कर से दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। अधीक्षक को निर्देश दिये कि मरीजों का इलाज सही ढंग से करायें। किसी मरीज को असुविधा नहीं होनी चाहिए। प्रभारी मंत्री ने ऑडिटोरियम का लोकार्पण किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नरेंद्र गुप्ता, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सीडीओ अमृतपाल कौर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद आदि मौजूद रहे।

अरविन्द के परिजनों को पूर्व सांसद ने दी सांत्वना

मानिकपुर/चित्रकूट। मानिकपुर तहसील के अगरहुंडा गांव में अरविंद सिंह की हत्या की खबर सुनकर पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, आशीष सिंह रघुवंशी, रामनगर मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह, सुरेश अनुरागी, बबलू मिश्रा, राजकुमार त्रिपाठी, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष कुंवर प्रताप सिंह, अंबुज सिंह, गुलाब सिंह के साथ अगरहुंडा पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार के परिजनों से भेंटकर हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। कहा कि हत्याकांड के सभी आरोपी जल्द पकडे जायेंगे। इस मौके पर गांव के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

चिल्लीमल पम्प कैनाल के पैनल जलकर हुए खाक

हजारों बीघा धान की फसल को पहुंच रही क्षति

अखंड भारत संदेश

चिल्लीमल पम्प कैनाल।

राजापुर/चित्रकूट। राजापुर तहसील क्षेत्र के चिल्लीमल पम्प हाउस में बिजली आपूर्ति पैनल जलकर खाक होने से दो दर्जन से अधिक गांवों के किसानों की धान की फसल चैपट हो रही है।

शनिवार की शाम करोड़ों की लागत से बना चिल्लीमल पम्प कैनाल तीन वर्ष पहले उप्र सरकार के मुख्यमंत्री ने वर्चुअल उद्घाटन किया था। पम्प कैनाल में भदेहदू टेल तक चिल्लीमल, चांदी, तीरधुमाई, धौरहरा, बिहरवा, अतरौली, खोपा, सुरवल, बकटा, अर्की, वीरधुमाई सुर्की, नैनी समेत 26 गांवों के किसानों को सिंचाई को पानी मिलता था। धान को पर्याप्त बारिश न होने से सिंचाई को नहर ही सहारा है। चिल्लीमल पम्प कैनाल में शनिवार की शाम अचानक पैनल में आग लगने से उपकरण धू-धूकर जल गये। सिंचाई का बड़ा संकट खड़ा हो गया। तिरहार क्षेत्र में आधुनिक परियोजना के तहत चिल्लीमल पम्प कैनाल का निर्माण हुआ था। क्षेत्र के किसान धान की फसल हजारों बीघा में करते हैं। चिल्लीमल गांव के किसान सुशील मिश्रा, करुणेश मिश्रा, धर्मराज यादव, गंगासागर चतुर्वेदी, अजय मिश्रा, दिलीप मिश्रा आदि किसानों ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही से आये दिन ऐसी समस्यायें आती हैं। चिल्लीमल पम्प कैनाल को विभाग ने अलग से विद्युत लाइन दी थी। हर घर नल जल योजना का कनेक्शन इसी लाइन में जोड़ा है। लोड अधिक होने से मशीनें जल गई हैं। तिरहार क्षेत्र के किसानों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जल्द पम्प कैनाल की विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराकर पम्प कैनाल चालू कराया जाये। उधर, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता नितिन कुमार ने बताया कि अचानक हाईवोल्टेज से एक पैनल में आग लग गई, पूरे पैनल जल गये हैं। खरीफ फसल को देखते हुए अधिशासी अभियंता विद्युत उपखंड राजापुर को सूचना दी गई है। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता, अवर अभियंता ने मौके पर जाकर पैनल ठीक कराने में जुटे हैं। जल्द किसानों को पानी मुहैया कराया जायेगा।

जल पाठशाला में बोलते उमाशंकर पाण्डेय।

जल क्रांति-जन क्रांति बनेः पद्मश्री उमाशंकर

मऊ-रामनगर में लगी जल पाठशाला

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। जल जीवन का आधार है, जल ही जीवन है, जल अनमोल है- जल विलक्षण है। ये विचार पद्मश्री जल योद्धा उमाशंकर पांडे ने जलकोष यात्रा दौरान पानी पाठशाला में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि जल सर्वव्यापी है। जल असाधारण है, जल राष्ट्रीय संपदा है, जल परमेश्वर है, जल शिव है, जल शंकर है, जल अमृत है, जल शक्ति है, ऊर्जा है, धर्म के आधार पर केवल पानी ही पवित्र करता है। भारतीय संस्कृति पूजा प्रधान है। पूजा पवित्रता को जल आवश्यक है। जल में आध्यात्मिक शक्तियां होती हैं। दुनिया की सभी पुरानी सभ्यताओं का जन्म जल के समीप नदियों के किनारे हुआ है। दुनिया के जितने पुराने नगर हैं, वे सब नदियों किनारे बसे हैं। दुनिया की हर चीज का तापमान पानी के तापमान के मानक से नापा जाता है। आज के युग का सर्वाधिक चर्चित शब्द जल है। प्रकृति ने अनमोल निःशुल्क उपहार दिया है।

रविवार को पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय ने जल को स्वच्छ बनाये रखना जल देवता की पूजा है। जन्म से लेकर मृत्यु तक पानी का जीवन में सबसे बड़ा स्थान है। पानी में सारे देवता रहते हैं। जब कोई धार्मिक अनुष्ठान होता है तो सबसे पहले कलश की पूजा होती है या कलश यात्रा निकलती है। पूर्वज माता-पिता चारोंधाम की यात्रा व गंगा-जमुना दर्शन को जाते हैं तो जल लाते हैं। अत्यधिक दोहन से जलस्तर दिन-प्रतिदिन नीचे जा रहा है। इस मौके पर अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि आजादी के पहले कई लाख तालाब, कुआ जिंदा थे। तालाबों-कुओ को कोई अनुदान सरकार से नहीं मिलता था। छोटे-बड़े तालाब बीहड़ झील, कुआ बनाये जाते थे। समुदाय इनकी देखरेख करता था। गिरधारी भाई ने कहा कि खेत का पानी खेत में रहे। मेड बनाई जाती थी। मेड पर पेड़ लगाये जाते थे। जल संरक्षण की प्राचीन परम्परा यही थी। जल बचेगा, तब वृक्ष होंगे। वृक्ष होंगे तो वर्षा होगी। खंड विकास अधिकारी मऊ रामजी मिश्रा, समाजसेवी सुंदरलाल सुमन, खंड विकास अधिकारी रामनगर ओम प्रकाश यादव, अटल भूजल योजना नोडल अधिकारी सौरभ सरोज, साकेत श्रीवास्तव, बीडीओ पंचायत देवेंद्र सिंह समेत प्रधान, समूह की बहने मौजूद रहीं।

भीम आर्मी ने सिखाया है मरना, डरना नहीं: डॉ भार्गव

एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

कार्यकर्ता सम्मेलन में भीम आर्मी पदाधिकारी।

चित्रकूट। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक संजय कुमार गौतम की अगुवाई में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश संयोजक/मुख्य अतिथि डॉ कुलदीप भार्गव व विशिष्ट अतिथि मंडल संयोजक संदीप बाल्मीकि के जिले में पहली बार आगमन पर कार्यकर्ताओं ने बेड़ीपुलिया पर माल्यार्पण कर स्वागत किया।

शनिवार को कार्यक्रम स्थल पटेल उत्सव भवन में जिला संयोजक संजय गौतम की अध्यक्षता में मंडल संयोजक संदीप बाल्मीकि ने कहा कि संगठन मजबूती को लगातार काम करें। मुख्य अतिथि डॉ कुलदीप भार्गव ने कहा कि भीम आर्मी भारत एकता मिशन शोषित, वंचित, गरीब, मजलूम समाज की आवाज है। भीम आर्मी के एक-एक कार्यकर्ता को समाज के हित की लड़ाई लड़ना है। समाज का बंटवारा करने वालों से सावधान रहना है। बहुजन समाज को एकजुट करना है। सुप्रीम कोर्ट ने एससी/एसटी आरक्षण में उप वर्गीकरण का फैसला लिया है, उसके विरोध में 11 सितंबर को एकजुट होकर आरक्षण बचाओ महारैली में हिस्सा लेना है। रामलीला मैदान दिल्ली पहुंचकर आरक्षण बचाना होगा। अन्यथा अनुसूचित जाति/जनजाति के आरक्षण को समाप्त करने को तानाशाही सरकार सरकारी तंत्रों का दुरुपयोग कर रही है। सबको लड़ाई लड़नी होगी। अपने अधिकारों की रक्षा को तैयार रहना होगा। कार्यक्रम में भीम आर्मी के जिला संयोजक बांदा अमरनाथ वर्मा, भीम आर्मी जिला संयोजक हमीरपुर श्यामसुंदर वर्मा, भीम आर्मी जिला संयोजक महोबा जगराम वर्मा, जिला संयोजक चित्रकूट संजय कुमार गौतम, कुंवर सिद्धार्थ असपा जिलाध्यक्ष, संजय सिंह राणा, प्रमोद कुमार वर्मा, आशीष कुमार साहू, कमल सूर्यवंशी, रजनीश यादव, जिला महासचिव भीम आर्मी श्रीपाल प्रजापति एड, बाबूलाल यादव, निर्भय सिंह कोटार्य, राहुल दिवाकर, सनी अंबेडकर, सोनू दिनकर, राधेश्याम प्रजापति, रमाशंकर प्रजापति, भागचंद सोनकर, विजय सोनकर, जितेंद्र बाल्मीकि, लक्ष्मणदास पटेल, अर्जुन कश्यप, पंकज वर्मा, जयप्रकाश वर्मा, रविराज अंबेडकर, सुनील अंबेडकर, योगेंद्र सविता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन विश्वदीप सुमन ने किया।

पुलिस ने विभिन्न मामलों के छह वारंटी दबोचे

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वारंटी/वांछित की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कोतवाली कर्वी पुलिस ने छह वारंटियों को दबोचा है। रविवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा गौरव तिवारी ने दहेज एक्ट के वारंटी फिरदौस पुत्र मो नसीम पुरानी बाजार ईदगाह काली माता रोड को गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी, दरोगा कुंवर प्रखर सिंह व सिपाही नरेन्द्र कुमार ने वारंटी स्वामी कपाडिया पुत्र रामकृपाल, मनोज कपाडिया पुत्र रामखेलावन शिवरामपुर को गिरफ्तार किया। सीतापुर चैकी के दरोगा मेवालाल मौर्य ने सिपाही नागेश कुमार व रविशंकर के साथ वारंटी रामेश्वर पुत्र नत्थू, रामलखन पुत्र नत्थू चितरागोकुलपुर को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में दरोगा परशुराम ने सिपाही आशीष कुमार के साथ वारंटी राजकुमार पुत्र देवराज सिकरिया को गिरफ्तार किया।

कोल-आदिवासियों को भूमिहीन करने की साजिश

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। सूबे की सरकार कोल-आदिवासियों को जीवनयापन को जमीन के पट्टे करती है, ताकि वे जमीन में पैदावार कर जीवनयापन कर सकें। भू-माफिया व दलाल किस्म के लोग कोल-आदिवासियों की जमीन को औने-पौने में पूंजीपतियों को बिकवाकर उन्हें भूमिहीन करने में जुटे हैं। कोलों की जमीन खरीदने में इस बात को भी नजरअंदाज कर दिया जाता है कि अब उनके पास जमीन बचेगी या नहीं?

ये खुलासा मानिकपुर तहसील के टिकरिया गांव में हुआ। बताया गया कि मानिकपुर तहसील के निलम्बित लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता ने नियम-कानून को ताक में रखकर कोल-आदिवासियों की जमीन को औने-पौने दाम में भू-माफिया को बेंचवा दी है। कोलों की जमीन बिकवाने में इस बात को भी नहीं देखा कि उनके पास जमीन बचेगी या नहीं। जमीन की श्रेणी बदलवाकर जमीन पहले अनुसूचित जाति के नाम करवाई है। फिर यही जमीन भू-माफिया के नाम

भू-माफिया ने सैकडों बीघा श्रेणी बदलकर ली जमीन

करा दी है। ये भी नहीं देखा कि कोल-आदिवासी भूमिहीन हो जायेंगे तो सरकार कोलों को योजना का लाभ कैसे देगी। टिकरिया गांव में जंगली पेडों को जमीन खरीदने वाले भू-माफिया अब काट रहे हैं। वन विभाग हो या राजस्व विभाग या रानीपुर टाइगर रिजर्व बनाने वाले सभी खामोशी से पेडों का कटना देख रहे हैं। भू-माफिया ने पेड़ों की कटान कराकर जंगल को साफ कर दिया है। राजस्व विभाग के निलम्बित लेखपाल जितेंद्र गुप्ता ने आर्थिक लाभ को जंगल को साफ करा रहा है।

प्रतिवर्ष वन विभाग करोडों रुपये के पौधरोपण करता है। दूसरी तरफ भू-माफिया पेड़ों की कटान कराकर बड़े भू-भाग पर कब्जा किये है। भू-माफिया की दबंगई से सबके मुंह बंद है। कोई आवाज नहीं उठा रहा। आवाज उठाने वालों को धमकी दी जाती है। यहां तक कि मारकुण्डी रेंजर को अपने होटल में ठहराये है, ताकि कोई कार्यवाही न हो सके। आदिवासियों की जमीनों पर दो-तीन श्रेणी के पट्टा को श्रेणी एक में बदलकर मानिकपुर-सतना रोड पर एक किमी क्षेत्र में कब्जा किये है। कहते हैं कि 80 बीघा का आदिवासियों से एग्रीमेंट है। क्षेत्रीय लोगों ने मांग की है कि कोल आदिवासियों की जमीनों की जांचकर रजिस्ट्री रद्द करवाई जाये, ताकि कोलों के पास जीवनयापन को जमीन बची रहे।

सुपारी किलर बनकर घूम रही पुलिसः सपा जिलाध्यक्ष

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सपा जिला कार्यालय में मासिक बैठक जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की अध्यक्षता व विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद बालकुमार पटेल की मौजूदगी में मानिकपुर-कर्वी बूथ सेक्टर-जोन पदाधिकारियों की हुई।

रविवार को बैठक में खासतौर से बूथ व नये मतदेय स्थल बनवाने पर चर्चा हुई। छात्र-नौजवान पीडीए जागरूकता अभियान पर चर्चा हुई। दूर-दराज से आये कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों बाबत जिलाध्यक्ष को लिखित दिया, ताकि पीडीए मजबूत कर सर्व समाज को जोड़कर 2027 विधानसभा चुनाव में सपा को जिताकर प्रदेश में अखिलेश यादव की अगुवाई में सपा सरकार बनाने का रास्ता प्रशस्त हो सके। बैठक में जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कहा कि उप्र की जुल्मी भाजपा सरकार एक जाति व धर्म को निशाना बनाकर जुल्म कर रही है। योगी सरकार में पुलिस निरंकुश है। सत्ता संरक्षित पुलिस के गुंडे बेलगाम होकर लोगों की हत्या कर रहे हैं। उप्र में एसटीएफ योगी सरकार की स्पेशल ठाकुर फोर्स बनकर काम कर रही है। इससे समाज के बहुसंख्यक पीडीए में भारी आक्रोश है। पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल ने कहा कि मौजूदा सरकार खोखले वायदों से जनता को भरमा रही है। पूर्व सांसद बालकुमार पटेल ने कहा कि 2027 का लक्ष्य हासिल करना सबकी प्राथमिकता है। कार्यकर्ता सड़क से संसद तक संघर्ष को तैयार है। सपा की जीत से भाजपा के घर में सिर फुटव्वल चालू है। कार्यकर्ता-नेताओं में कोई सामंजस्य नहीं है। भाजपा नेता अधिकारियों पर दबाव बनाकर लूट मचाये हैं। सपा देश की सबसे बड़ी पार्टी है। ये हौसला व जुनून बनाये रखना है, ताकि 2027 विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बन सके। सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि पीडीए छात्र-नौजवान जागरूकता अभियान सफलता से यूथ के चारों जिलाध्यक्षों व पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरा किया है। पुलिस सुपारी किलर बनकर घूम रही है। किसी की भी हत्या कर देना पुलिस के लिए आम बात हो गई है। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव, राजकिशोर विश्वकर्मा, संतोष कोटार्य, एजाज सिद्दीकी, रामनरेश अग्रहरि, निजाम सिद्दीकी, बलराम निषाद, राघवेंद्र सिंह यादव, राजा बाबू, श्याम बिहारी यादव, सरनाम सिंह यादव, चंचलचित्त पटेल, विजय गौतम, रामकिशोर कुरील, त्रिभुवन सिंह यादव, सिद्धार्थ पांडे, जगदीश यादव, हरि प्रसाद यादव, रमेश कुशवाहा, हरिमोहन यादव, पप्पू जायसवाल, जितेन सिंह, जागेश्वर यादव, सीताराम कश्यप, अमर पटेल, अजय यादव, मनीष पटेल, गजाधर निषाद, राकेश प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष राजा यादव आदि मौजूद रहे।

सपा मासिक बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष।

अमेरिका के तीन दिवसीय दौरे पर राहुल गांधी, टेक्सास पहुंचे, बोले-मैं वास्तव में बहुत खुश हूं

टेक्सास। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका दौरे पर हैं। तीन दिवसीय इस दौरे में राहुल गांधी रविवार को टेक्सास के डलास पहुंचे, जहां भारतीय प्रवासी और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी) के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट से कुछ तस्वीरें साझा की। उन्होंने लिखा 'टेक्सास के डलास में जो भारतीय प्रवासियों और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के सदस्यों ने मेरा स्वागत किया, उससे मैं वास्तव में बहुत खुश हूं'।

राहुल ने पोस्ट में आगे लिखा, 'मैं इस यात्रा के दौरान सार्थक चचाओं और व्यावहारिक बातचीत में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं, जो दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा'।

कांग्रेस ने एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा - "श्री राहुल गांधी का भारतीय प्रवासियों और भारतीय प्रवासी कांग्रेस के सदस्यों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।"

बता दें कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी की यह पहली अमेरिका यात्रा है।

राहुल गांधी 9-10 सितंबर को वाशिंगटन डीसी में आयोजित होने वाली कई महत्वपूर्ण बैठकों में हिस्सा लेंगे।

इससे पहले, राहुल गांधी की यात्रा पर आईओसी प्रमुख सैम पित्रोदा ने कहा कि राहुल गांधी से बात करने के लिए यहां प्रवासी भारतीय, बिजनेस लीडर, छात्र, राजनीतिक नेता उत्सुक हैं। हम एक सफल यात्रा की आशा करते हैं और अमेरिका में राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

उन्होंने आगे कहा," अलग अलग क्षेत्र के लोगों संग कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। इनमें खासकर वो लोग शामिल हैं जो कांग्रेस शासित प्रदेश से वास्ता रखते हैं। विशेष रूप से बैंगलोर, हैदराबाद, मुंबई और पुणे जैसे टेक शहर के लोग इच्छुक हैं। हम व्यापार और टेक्नोलॉजिकल समुदाय के साथ बातचीत को लेकर भी काफी उत्साहित हैं।"

ऐसा देखा जा रहा है कि राहुल गांधी, 2024 के लोकसभा परिणामों के बाद, जनहित के कई मुद्दों को उठाते हुए लोगों का समर्थन हासिल कर रहे हैं।

राहुल ने लोकसभा चुनाव 2024 में रायबरेली और वायनाड से चुनाव जीता, हालांकि, उन्होंने वायनाड लोकसभा सीट को छोड़ दिया, और रायबरेली सीट से सांसद बनना ठीक समझा। उन्होंने वायनाड की सीट से अपनी बहन प्रियंका गांधी को आगे किया है।

इस साल जून में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) से मंजूरी मिलने के बाद उन्हें लोकसभा में विपक्ष का नेता (एलओपी) नियुक्त किया गया था।

मंगल ग्रह पर शहर बसाने की तैयारी, भेजे जाएंगे 10 लाख इंसान

वॉशिंगटनः टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने रविवार को कहा कि मंगल ग्रह पर पहला अनक्रूड स्टारशिप मिशन दो साल में लॉन्च किया जाएगा। स्टारशिप दुनिया का सबसे शक्तिशाली रॉकेट है। इसका उपयोग इंसानों को चंद्रमा और फिर अंत में मंगल ग्रह पर भेजने के लिए किया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में टेक अरबपति ने कहा, 'मंगल ग्रह पर पहला स्टारशिप दो साल में लॉन्च होगा। मंगल ग्रह पर लैंडिंग की विश्वसनीयता का परीक्षण करने के लिए इन्हें शामिल किया जाएगा। अगर लैंडिंग अच्छी रही, तो मंगल ग्रह पर पहले क्रू की उड़ान उड़ान चार साल में होगी।'

उन्होंने आगे कहा, 'लगभग 20 वर्षों में एक शहर बनाने का लक्ष्य है, जो खुद की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा। आने वाले वर्षों में किसी ना किसी ग्रह पर मानव जीवन को शुरू करने की

तैयारी भी होगी।' मस्क की एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स ने पहली पूरी तरह से रियूज होने वाली रॉकेट का निर्माण किया है। इससे स्पेश मिशन पर आने वाले खर्चों में काफी कमी आएगी। मस्क ने आगे बताया, 'मंगल ग्रह पर चुनौतीपूर्ण माहौल है। मानव के लिए स्थितियां उचित नहीं हैं। इसके बावजूद हम आने वाले सालों में ऐसा करने में सक्षम हो सकते हैं, इसके लिए हमें मौजूदा तकनीक को 10 हजार गुना बेहतर करने की जरूरत होगी।'

मंगल ग्रह पर जीवन का मिला सबूत! नासा के रोवर ने कर डाली सबसे बड़ी खोज

10 लाख लोगों को भेजने की योजना

स्पेसएक्स ने हाल ही में हेवी बूस्टर के साथ अपने 400 फुट ऊंचे स्टारशिप की तीसरी परीक्षण उड़ान शुरू की है। स्टारशिप में एक विशाल बूस्टर होता है, जिसे सुपर हेवी कहा जाता है। इसमें ऊपरी हिस्से में एक अंतरिक्ष यान भी है, जिसे स्टारशिप कहा जाता है। स्पेसएक्स के सीईओ कम से कम दस लाख लोगों को मंगल ग्रह पर भेजने की योजना बना रहे हैं।

भारत को यह टेक्नोलॉजी देने को तैयार हुआ रूस, चांद पर बन सकेगी बिजली, अमेरिका की बढ़ेगी टेंशन?

मॉस्कोः चांद को लेकर रूस की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। रूस चाहता है कि चांद पर एक परमाणु ऊर्जा संयत्र बनाया जाए। कथित तौर पर भारत ने रूस के साथ इस परियोजना में जुड़ने में दिलचस्पी दिखाई है। रूस की यह परियोजना चीन के साथ चंद्रमा पर बेस बनाने के साथ जुड़ा है। रूस के राज्य परमाणु निगम, रोसाटॉम (Rosatom) के नेतृत्व में इस परियोजना को बनाया जाना है। परियोजना का लक्ष्य एक छोटा परमाणु ऊर्जा प्लांट बनान है जो बेस के लिए लगभग आधा मेगावाट की ऊर्जा पैदा करने में सक्षम हो। TASS की एक रिपोर्ट के मुताबिक रोसाटॉम के प्रमुख एलेक्सी लिकचेव ने कहा कि चीन और भारत चांद पर ऊर्जा के इस स्त्रोत को बनाने के लिए उत्सुक हैं। ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में बोलते हुए उन्होंने कहा, 'हमें चंद्रमा पर आधे मेगावाट तक की क्षमता वाला परमाणु ऊर्जा संयंत्र का विकल्प बनाने को कहा गया है। वैसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय की भागीदारी के साथ हमारे चीनी और भारतीय साझेदारों को इसमें बहुच रुचि है।

पृथ्वी के करीब आ रही तबाही, धरती के पास से गुजरेगा हवाई जहाज के बराबर का एस्टेरॉयड

वॉशिंगटनः धरती के करीब से 8 सितंबर को एक तबाही गुजरने वाली है। धरती के करीब से एक 100 फुट आकार का एस्टेरॉयड गुजरेगा। यह लगभग एक हवाई जहाज के आकार का है। अगर यह एस्टेरॉयड धरती पर गिरे तो एक बड़ी तबाही ला सकता है। लेकिन इससे डरने की जरूरत नहीं है। यह एस्टेरॉयड पृथ्वी से 15.2 लाख किमी की सुरक्षित दूरी से गुजरेगा। पृथ्वी और चंद्रमा की दूरी से यह लगभग चार गुना ज्यादा है। हालांकि इसका पृथ्वी के करीब से गुजरना भी आकर्षित करता है। वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि एस्टेरॉयड से तत्काल कोई खतरा नहीं है। इस उल्कापिंड का नाम 2024 फ्र्र2 है। ऐसे छोटे आकार के एस्टेरॉयड अक्सर हमारी पृथ्वी के करीब से गुजरते रहते हैं। यह पृथ्वी के करीब की वस्तुए हैं। इनका पृथ्वी के करीब से गुजरना वैज्ञानिकों को इनकी निगरानी करने का सुनहरा मौका देता है। इसके अलावा इनसे होने वाले जोखिमों के आकलन में मदद करता है। इनका आकलन तब भी किया जाता है, जब ये एस्टेरॉयड कोई नुकसान न पहुंचाने वाले हों।

एस्टेरॉयड की स्टडी क्यों जरूरी

एस्टेरॉयड को अक्सर लघु ग्रह कहा जाता है। यह शुरूआती सौर मंडल के प्राचीन अवशेष हैं। यह लगबग 4.6 अरब साल पुराने हैं। ग्रहों के विपरीत इनमें वायुमंडल का अभाव होता है। उनका आकार भी अनियमित होता है। वैज्ञानिक लगातार इनकी स्टडी करते

रहते हैं, ताकि भविष्य में इसके पृथ्वी से टकराने से जुड़ी भविष्यवाणी कर सकें। वह इनके पथों को ट्रैक करते हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आखिर यह किस प्रकार अंतरिक्ष में घूमते हैं।



धरती की तरफ बढ़ रहा स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी जितना बड़ा एस्टेरॉयड, नासा की चेतावनी

पृथ्वी के लिए खतरनाक हैं एस्टेरॉयड

एस्टेरॉयड हमेशा से पृथ्वी के लिए खतरनाक रहे हैं। इतिहास में पृथ्वी पर एस्टेरॉयड की टक्कर होती रही है। चिक्सुलब की घटना इनमें से एक है। इसके कारण लगबग 6.6 करोड़ साल पहले डायनासोर का पूरी तरह खात्मा हो गया।

ऐसे में एस्टेरॉयड के खतरों को लेकर हमेशा सवाल उठते रहते हैं। डरक्मक्र-फ्र७ और हायाबुसा-2 जैसे मिशनों ने एस्टेरॉयड के नमूनों को इकट्ठा किया है। यह सौर मंडल की उत्पत्ति को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी देते हैं। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि उन्हें पता चल सकेगा कि धरती पर पानी कैसे पहुंचा।

कनाडा में खालिस्तान समर्थक आतंकी के पड़ोस में लगी आग, क्या पन्नू को बनाया गया था निशाना?

ओटावाः कनाडा के ओकविले में गुरुवार की रात घर में लगी आग रहस्य बन गई है। इस आग में कई हाई-एंड स्पोर्ट्स कारों को नुकसान हुआ है। अनुमानित नुकसान 5 लाख डॉलर से भी ज्यादा है। यह घर इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि यह खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के आवास के करीब है। आग लगने वाले घर से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। स्थानीय मीडिया के मुताबिक पैरामेडिक्स ने दो व्यक्तियों को ज्यादा धुआं सूंघ लेने पर चिकित्सा सहायता दी।

कुछ दिन पहले ही आतंकी पन्नू ने अमेरिका में हिंदू संगठनों के खिलाफ धमकियां जारी की थी। विशेष रूप से नासाउ कोलिजीयन में 22 सितंबर को पीएम मोदी के शामिल होने को लेकर। दो मिनट के वीडियो में पन्नू ने कहा, 'नरेंद्र मोदी टार्गेट हैं।' पन्नू खुलेआम भारतीयों और भारत के प्रधानमंत्री को धमकी देता है और अमेरिका इसके खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं करता है। पन्नू ओकविले में रहने वाला एक कनाडाई वकील है। मुख्य रूप से यह अमेरिका में प्रैक्टिस करता है।

पेट्रोल भरवाते समय आग लग जाए तो क्या करना चाहिए? देखें सांचौर का ये वीडियो, कैसे 20 सेकंड में पाया काबू

गलत घर को लगाई गई आग?

आग के कारण पन्नू के घर को किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। आग लगने के कारणों की जांच कर रहे स्थानीय अधिकारी सभी एंगल देख रहे हैं। एक संभावना यह भी जताई जा रही है कि आग घर में जानबूझकर लगाई गई और गलत घर को निशाना बनाया गया था। पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा को देखते हुए भारत विरोधी ताकतें इकट्ठा होने लगी हैं। पन्नू इस कोशिश में है कि पीएम मोदी का सम्मान करने वाले हर संगठन और व्यक्ति की जांच की जाए और मुकदमा चले।

बांग्लादेश के राष्ट्रगान को बदलने की कोई योजना नहीं : धार्मिक सलाहकार

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में धार्मिक मामलों के सलाहकार अबुल फैज मुहम्मद खालिद हुसैन ने शनिवार को एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के राष्ट्रगान को बदलने की कोई योजना नहीं है।

पद्मा नदी के उत्तरी तट पर राजशाही में इस्लामिक फाउंडेशन का दौरा करने के बाद स्थानीय मीडिया ने हुसैन के हवाले से कहा, "अंतरिम सरकार विवाद पैदा करने के लिए कुछ नहीं करेगी, हम सभी के सहयोग से एक सुंदर बांग्लादेश का निर्माण करना चाहते हैं।"

उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों पर हमले- विशेष रूप से बांग्लादेश में हिंदू समुदाय को निशाना बनाने वाले हमले अभी भी जारी हैं, हुसैन ने आश्वासन दिया कि जो लोग ऐसे 'जघन्य कृत्यों' के लिए दोषी पाए जाएंगे, उन्हें मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार द्वारा दंडित किया जाएगा।

"जो लोग पूजा स्थलों पर हमला करते हैं, वे मानवता के दुश्मन हैं। वे अपराधी हैं, और उन पर मौजूदा कानूनों के तहत मुकदमा चलाया जाएगा।"

उन्होंने यह भी घोषणा की कि आगामी दुर्गा पूजा समारोह के दौरान, किसी भी प्रकार के हमले या तोड़फोड़ को रोकने के लिए मदरसे के छात्रों के साथ-साथ स्थानीय नागरिक मंदिरों की सुरक्षा में शामिल होंगे।

देश के प्रमुख दैनिक अखबार 'द डेली स्टार' ने शनिवार को हुसैन के हवाले से कहा, "मदरसे के छात्र कभी भी आतंकवाद में शामिल नहीं थे, यह पिछली सरकार का दुष्प्रचार और साजिश थी।"

सलाहकार ने आगे कहा कि सरकार बदलने के बाद जिस तरह कुछ हिंदू समुदाय के लोगों के घरों पर हमले हुए हैं, उसी तरह मुसलमानों के घरों पर भी हमले हुए हैं। इसे अलग से देखने की कोई गुंजाइश नहीं है। यह सरकार सभी के लिए एक है और सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पिछले महीने, आईएएनएस के साथ एक विशेष साक्षात्कार में हुसैन ने भारत को बांग्लादेश का 'सबसे अच्छा पड़ोसी' कहा था - जिसने देश को स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद की थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कई घटनाओं में शामिल अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का काम शुरू हो गया है। 5 अगस्त को बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद से अल्पसंख्यक समुदायों, विशेषकर हिंदुओं के खिलाफ हिंसा और बर्बरता की घटनाएं सामने आई थी।

हुसैन ने आईएएनएस से कहा, "भारत हमारा पड़ोसी देश है और हम भारत की सद्भावना के साथ अपने देश में शांति बनाए रखना चाहते हैं। बड़े प्रयासों के बाद हमने अपना देश वापस पाया और बांग्लादेश की मुक्ति के दौरान सभी धर्मों के लोगों ने बलिदान दिया और आंदोलन में अपना खून बहाया। हम इसे बर्बाद नहीं होने दे सकते। यह एक धर्मनिरपेक्ष देश है ।

अमेरिका को एक ही झटके में ढाई अरब रुपए का नुकसान

दुबईः यमन के हूती विद्रोहियों ने देश की वायु सीमा में उड़ रहे अमेरिका के एक और एमक्यू-9 निगरानी ड्रोन को रविवार तड़के मार गिराने का दावा किया। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई के जवाब में अमेरिका ने हूती नियंत्रित इलाकों में हवाई हमले किए। वहीं, अमेरिकी सेना ने द्यएसोसिएटेड प्रेसह्व से कहा कि वह इस दावे से अवगत है, लेकिन उसे यमन में अमेरिकी सैन्य ड्रोन को गिराए जाने के संबंध में 'कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।' हूती

विद्रोहियों ने अपने दावे के समर्थन में कोई तस्वीर या वीडियो जारी नहीं किया।

साल 2014 में यमन की राजधानी सना पर कब्जे के बाद हूती विद्रोहियों ने बड़ी संख्या में एमक्यू-9 ड्रोन मार गिराए हैं। गाजा पट्टी में पिछले साल इजराइल और हमास के बीच युद्ध छिड़ने के बाद हूती विद्रोहियों ने अमेरिकी ड्रोन पर हमले तेज करने के साथ ही लाल सागर गलियारा में जहाजों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। 7 अक्टूबर 2023 के बाद से वे क्षेत्र में कम से कम 80 जहाजों पर ड्रोन और मिसाइल से हमले कर चुके हैं।

क्या बोले हूती विद्रोही

हूती सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरी ने एक वीडियो में अमेरिकी ड्रोन को मार गिराने का दावा किया।

पाकिस्तान और इजरायल की दोस्ती कराएंगे इमरान खान?

इस्लामाबादः इजरायली मीडिया आउटलेट टाइम्स ऑफ इजरायल के एक ब्लॉग से पाकिस्तान की राजनीति में हड़कंप मच गया है। इस ब्लॉग में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक और प्रमुख इमरान खान को पाकिस्तान और इजरायल के बीच राजनयिक संबंधों को सामान्य बनाने के लिए सबसे उपयुक्त नेता बताया है। इजरायली ब्लॉग ने इमरान खान के प्रधानमंत्री रहने के दौरान विदेश नीति पर उनके नजरिए का हवाला दिया। इसके साथ ही पूर्व पत्नी जेमिमा गोल्डस्मिथ के परिवार समेत प्रभावशाली इजरायल समर्थक हस्तियों के साथ खान के संबंधों पर जोर दिया गया है। गोल्डस्मिथ फैमिली की गिनती दुनिया की कुछ प्रमुख शक्तिशाली यहूदी परिवारों में होती है।

पूर्व पत्नी के परिवार से संबंधों की भूमिका

इसमें बताया गया है कि इमरान खान के अपनी पूर्व पत्नी जेमिमा गोल्डस्मिथ के परिवार और उनके भाई जैक गोल्डस्मिथ से संबंधों ने इजरायल के बारे में उनके नजरिए को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इजरायल समर्थक जैक गोल्डस्मिथ ने इस मामले पर इमरान खान के विचारों को प्रभावित किया है। लेख में कहा गया कि गोल्डस्मिथ परिवार से संबंध इमरान खान को एक अनूठा नजरिया देता है।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

चीन-अफ्रीका सहयोग शिखर सम्मेलन : आपसी विकास के लिए संबंधों को मजबूत करने पर जोर

बीजिंग। चीन-अफ्रीका सहयोग शिखर सम्मेलन 2024 में, चीन और अफ्रीका के बीच सहयोग बढ़ाने व आधुनिकीकरण प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए एक नया रोडमैप पेश किया गया। इसमें यह बताया गया है क? चीन और अफ्रीका आर्थिक और व्यापार?क आदान-प्रदान को कैसे बढ़ा सकते हैं। इस विषय ने दोनों क्षेत्रों के उद्यमियों के बीच काफी रुचि जगाई है, जो शिखर सम्मेलन के व्यावहारिक उपायों द्वारा पेश किए गए नए अवसरों का पता लगाने के लिए उत्सुक हैं।

6 सितंबर को, चीन की राजधानी पेइचिंग में 8वें चीन-अफ्रीका उद्यमी श?खर सम्मेलन का आयोजन क?या गया। सम्मेलन में सेनेगल, दक्षिण अफ्रीका और केन्या सहित 48 अफ्रीकी देशों के व्यापारिक नेता आर्थिक सहयोग के भविष्य पर चर्चा करने के लिए अपने चीनी समकक्षों के साथ शामिल हुए।

उद्घाटन समारोह के दौरान, चीनी प्रधानमंत्री ली छ्यांग ने बाजार संपर्क को मजबूत करने, औद्योगिक एकीकरण को गहरा करने और नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों पक्षों के उद्यमियों ने चर्चा की कि कैसे बेहतर "दो-तरफा" आर्थिक प्रवाह को सुविधाजनक बनाया जाए और पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणाम हास?ल क?या जाए।

चीन-अफ्रीका आर्थिक और व्यापार संबंध लंबे समय से मजबूत रहे हैं। पिछले दशक में, साझेदारी में तेजी आई है, चीन ने लगातार 15 वर्षों तक अफ्रीका के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार के रूप

में अपनी स्थिति बनाए रखी है। 2023 में, दोनों क्षेत्रों के बीच व्यापार की मात्रा में 2013 की तुलना में लगभग 35 प्रत?शत की प्रभावशाली वृद्धि देखी गई, जो उनके सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई।

चीन-अफ्रीका सहयोग मंच में, चीन ने अफ्रीकी आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए अगले तीन वर्षों में शुरू की जाने वाली दस साझेदारी कार्रवाइयों की रूपरेखा तैयार की। विशेषज्ञ इसे दोनों क्षेत्रों के बीच सहयोग को गहरा करने के लिए एक व्यावहारिक दृष्टिकोण के रूप में देखते हैं।

जैसा कि दोनों पक्ष भविष्य की ओर देखते हैं, इस बात की आशा बढ़ रही है कि चीनी और अफ्रीकी उद्यम सहयोग के लिए और भी बेहतरीन अवसरों को उजागर करेंगे।

अवसर का एक प्रमुख क्षेत्र औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखलाओं को एकीकृत करना है। अपने व्यापक औद्योगिक बुनियादी ढांचे के साथ, चीन और अफ्रीका, जहां कई विकासशील देश हैं, पूरक शक्तियां प्रदान करते हैं, जो आपसी विकास को गति दे सकती हैं। इन क्षेत्रों के बीच तालमेल नई आर्थिक संभावनाओं को खोलने के लिए तैयार है।

इसके अलावा, डिजिटल वाणिज्य और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में गति बन रही है। हाल की पहलों में "सिल्क रोड ई-कॉमर्स" का विस्तार करना और अफ्रीका के हरित ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए चीनी निर्मित नई ऊर्जा वाहन, सौर पैनल और पवन ऊर्जा उपकरण तैनात करना शामिल है। ये विकास डिजिटल अर्थव्यवस्था और हरित क्षेत्र में चीन-अफ्रीका सहयोग की गहराई को उजागर करते हैं।

8वें चीन-अफ्रीका उद्यमी सम्मेलन से एक महत्वपूर्ण सीख खुले, पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग के लिए साझा प्रतिबद्धता है। व्यापारिक नेता समान हितों और मूल्यों से प्रेरित होकर संबंधों का विस्तार करने के लिए दृढ़ता से इच्छुक थे।